जयपुर

# माहेश्वरी पत्रिका

वर्ष 12 ❖ अंक 04 ❖ सितम्बर 2021 ❖ मूल्य 10 रु.






## सर्वधर्म मोक्षधाम–चाँदपोल

4475 वर्गमीटर में

नवीनीकरण एवं विकास कार्य प्रारम्भ

➠ आधुनिक सुविधाएँ

➠ आध्यात्मिक वातावरण

➠ पर्यावरणयुक्त मोक्षधाम

60 वर्षों से आपके विश्वास पर खरा...

# माहेश्वरी चाय

माहेश्वरी चाय

स्थापित 1961

## आपके कप की चाय



या देवी सर्वभूतेषु
शक्ति–रूपेण संस्थिता!!
नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः!!

## नवरात्रा की
## हार्दिक शुभकामनाऐं

हमारा इरादा
आपकी संतुष्टि
ज्यादा से ज्यादा




VOCAL FOR LOCAL

**आसाम के बागानों की चुनिंदा चाय**

**माहेश्वरी टी कम्पनी प्रा. लि.,** जयपुर ( राज. )
फोन : 0141-2740919, 2312723
E-mail : contact@maheshwaritea.com • www.maheshwaritea.com

माहेश्वरी चाय के अलावा अन्य कोई उत्पाद हमारी कंपनी का नहीं है, मिलते जुलते नाम व पैकिंग से सावधान!!

।। श्री हरी ।।

नवरात्रि एवं दशहरा की हार्दिक शुभकामनाओं सहित

MTC
Since-1985



# माहेश्वरी® मेवा



BEST QUALITY MTC FIXED RATE

## अब विद्याधर नगर में भी...




केसर | चाय मसाला | स्पेशल हींग



**सुखे मेवे, किराणा व शुद्ध मसालों के थोक विक्रेता**

ड्राईफ्रूट आकर्षक
गिफ्ट पैक में उपलब्ध



# माहेश्वरी मेवा स्टोर

जी-5, वैंकटेश्वर टॉवर, सिने स्टार के पास, सेन्ट्रल स्पाईन, विद्याधर नगर, जयपुर-302039
मो. : 9314508200

# माहेश्वरी टी कॉर्पोरेशन

दीनानाथ जी का रास्ता, चांदपोल बाजार, जयपुर,
फोन: 0141-2326112 ( ऑ. ), मोबाइल: 9799908200, 9610517000

E-mail : maheshwarimewa@gmail.com

SIDDHI



# अब जोड़ों के दर्द को सहने की जरूरत नहीं

## Fast Track Knee Replacement

- ☑ डबल चेक टेक्नीक
- ☑ छोटा सर्जरी प्रोसेस
- ☑ कम दर्द टांके रहित
- ☑ जल्द वॉकिंग
- ☑ बेहतरीन परिणाम
- ☑ सर्जरी के बाद न्यूनतम देखभाल

अन्य सेवाएं: हिप रिप्लेसमेन्ट
पोस्ट कोविड हिप बोन डेथ (AVN)
आर्थोस्कोपिक घुटने एवं कन्धे की लिगामेंट सर्जरी

## डॉ. अरुण परतानी

Senior Consultant
Joint Replacement, Arthroscopic
& Sports Injury Surgeon
**C.K, Birla Hospital**



**For Patient Stories - practo.com/jaipur/arun partani & google/partani clinic**



## Quality Dental Care

- ☑ Dental Implants
- ☑ Composite Filings
- ☑ Teeth Whitening
- ☑ Ceramic or Porcelain Crowns
- ☑ Root Canal
- ☑ And many more......

*Eat What you want*
*Not What you can*

## डॉ.भारती परतानी

**BDS, MDS**
**Prosthodontist & Implantologist**



**PARTANICLINIC**

**M-21, Mahesh Colony, Tonk Phatak, Jaipur**

**For Queries ✆ 9783788887, 8742067974, 9887302501**

# भीतर से आता है उत्सव



प्रदीप बाहेती

मानव जीवन चुनौतियों से भरा होता है। कभी आर्थिक चुनौतियां, कभी पारिवारिक चुनौतियाँ। इन सबका सामना करते हुए वह जीवन पथ पर बढ़ता जाता है। गत डेढ़ वर्ष से वह कोरोना की चुनौतियों का सामना कर रहा है। तमाम परेशानियों के बीच उसकी जिजीविषा यानी जीने की इच्छा कम नहीं हुई है। इसमें विभिन्न पर्व और त्यौहार उसकी मदद करते हैं। ये पर्व-त्यौहार उसकी निराशा दूर करते हैं। अभावों के बावजूद वह उन्हें धूमधाम से मनाते हैं, क्योंकि वह स्वभाव से उत्सव प्रिय होता है। नवरात्र भी एक ऐसा ही उत्सव है।

यह एक ऐसा पर्व है, जो व्यक्ति में शक्ति, ऊर्जा, उत्साह का संचार करता है। नवरात्र को शक्ति पर्व भी कहते हैं। इन दिनों वह जिन देवियों की पूजा-आराधना करता है, वे उसमें शक्ति और ऊर्जा का संचार करती हैं। महिषासुर मर्दिनी दुर्गा माँ सबको संदेश देती हैं कि बुराई का नाश करना चाहिए। अन्याय को नहीं सहना चाहिए। आज देश में हर ओर बुराई दिख रही है, भ्रष्टाचार बढ़ता ही चला जा रहा है। ऐसे में शक्तिपूजा का महत्व बढ़ जाता है। हमें भ्रष्टाचार से लड़ना होगा। जिस तरह माँ दुर्गा ने महिषासुर का वध किया, उसी तरह हमें भी भ्रष्टाचार रूपी दानव से लड़ना होगा, सिर्फ लड़ना ही नहीं उसे परास्त करना होगा।

आज हर दूसरा-तीसरा व्यक्ति परेशान दिख रहा है। इस कारण वह पूरे मनोयोग से काम नहीं कर पाता। इसका असर उसके परिवार पर पड़ता है। परिवार खुशहाल नहीं रह पाता। हर व्यक्ति एक अच्छे समाज की कल्पना करता है, लेकिन अपनी परेशानियों की वजह से वह इस दिशा में काम नहीं कर पाता। महापुरुषों का कहना है कि केवल चिंता करने से कुछ नहीं होता। हमें अपनी सोच बदलनी होगी। हम सिर्फ किसी पर्व विशेष के आने पर खुश न हों, बल्कि प्रतिदिन ऐसी खुशियां मनाएं जैसे रोज ही पर्व हो। नवरात्र पर्व नौ दिनों का होता है। इसका अर्थ यह नहीं है कि हम इसके बाद उदास होकर बैठ जाएं।

हमें यह भी ध्यान रखना होगा कि यह खुशी ऊपरी न हो, यानी इसमें दिखावा नहीं होना चाहिए। वास्तविक खुशी वह होती है, जो मन से निकले। हमारा रोम-रोम खुशी से झूम उठे। नवरात्र के इस पावन पर्व पर हम यह संकल्प लें कि हम खुद भी खुश रहेंगे और दूसरों को भी खुश रखेंगे। खुश रहना, मुस्कराना, हंसना सफल जीवन के सूत्र हैं। यदि हम इन सूत्रों पर चलेंगे, तो हमारे लिए हर दिन पर्व होगा, हर दिन त्यौहार होगा।

सभी शुभचिंतकों को नवरात्र व दशहरा की शुभकामनाएँ!



स्वाद की बात - सेहत के साथ
**Gangaur®**
SINCE 1974



# मनाएं नवरात्रि

## गणगौर की स्वाद से भरपूर उत्पाद श्रृंखला के साथ और भरें जीवन में सेहत एवं खुशहाली!

**एमपी शरबती गेहूँ आटा एवं दलिया**




### ~ गणगौर की उत्पाद श्रृंखला ~

**चना उत्पाद**
बारीक, मोतिया, सुपर फाइन बेसन

**मैदा - सूजी**

**जौ उत्पाद**
जौ आटा, जौ दलिया (टाबड़ी), जौ घाट (गुली), मिस्सी आटा, डाइबिटीज़ आटा

**दालें**
राजमा, काबुली चना, मौसमी चना, बोल्ड चना दाल, अरहर दाल, उड़द दाल

**खाद्य तेल**
कच्ची घानी सरसों, रिफाइंड मूंगफली एवं सोयाबीन तेल

**मसाले**
मिर्च-हल्दी-धनिया पाउडर, राई, जीरा

**पोहा, साबुदाना एवं खमन इंस्टेंट मिक्स**

**अन्य उत्पाद**
मूंग आटा, चावल आटा

## आज ही ऑर्डर करें www.gangaurproducts.com से और पाएं हर कण में शुद्धता का वादा!

**MANTRI FOOD INDUSTRIES**
Plot No. G/1-458(C), Behind Priya Dharma Kanta,
Shiva Hotel Road, Road No. 12, V.K.I. Area, Jaipur (Raj.)
Phone: 0141-4015444 | www.gangaurproducts.com

SCAN & BUY

Follow us for latest updates!
@gangaurproducts

fssai
Licence No.: 12218026000474

**जीवन रहते रक्तदान, मरणोपरान्त नेत्रदान-देहदान**

वर्ष 12 | अंक 4 | सितम्बर, 2021
RNI NO. RAJBIL/2010/36984

2621644
2623500
2621100

जयपुर
माहेश्वरी पत्रिका
JAIPUR MAHESHWARI PATRIKA
प्रशासनिक कार्यालय : तृतीय तल, एम.पी.एस. इंटरनेशनल स्कूल, तिलक नगर, जयपुर
पंजीकृत कार्यालय : श्री माहेश्वरी भवन, सिंधी जी का रास्ता, चौड़ा रास्ता, जयपुर
Email : shrimaheshwarisamaj.jaipur@gmail.com
jmpatrika@gmail.com
Website : www.maheshwarisamajjaipur.com

विशेषांक प्रस्तुति :
चन्द्रमोहन शारदा
सलाहकार :
रमेश चन्द जाखोटिया
( संगठन मंत्री )
बृजमोहन बाहेती
संध्या चितलांग्या
राजेन्द्र गट्टानी
जयकृष्ण पटवारी
प्रबन्ध सम्पादक :
सुनील अजमेरा ( मालवीय नगर )
सह-प्रबन्ध सम्पादक :
विनोद अजमेरा
सह-सम्पादक :
सी.ए. राजकुमार गट्टानी
सी.ए. दिलीप सारडा
निरंजन राठी
सतीश नागौरी ( सोपनीवाल )
किशन स्वरूप कालानी
पंकज काबरा
प्रवीण भूतड़ा
पंकज चितलांग्या
सम्पादकीय टीम :
सुनील कुमार नौगजा
सुभाष काबरा
द्वारका प्रसाद तापड़िया
कमल किशोर मूंदड़ा
बालकृष्ण जाजू 'बालक'
सी.ए. वरूण धूत
महेश अजमेरा
विज्ञापन समन्वयक :
श्रीकिशन अजमेरा
रामकृष्ण बागला
विज्ञापन सह-संयोजक :
नवलकिशोर माहेश्वरी ( सोपनीवाल )
अंकुर बल्लभ चितलांगिया
विज्ञापन संकलन टीम :
देवेन्द्र झंवर, गोपाल तामड़ी
जयकुमार चांडक
सी.ए. योगेश जाजू
अमित चांडक
डॉ. रमेश मालू
साज-सज्जा
कैलाश प्रजापत
आभार : पत्रिका, भास्कर।



गोपाल लाल मालपानी
महामंत्री



सतीश कुमार सारडा
प्रचार मंत्री



रामदास कोठ्यारी
संपादक

# देवी माँ की पूजा से पहले घर में माँ की पूजा करें

गत माह रक्षा बंधन से शुरू हुआ त्यौहारों का सिलसिला दीपावली-भाईदूज तक चलता रहेगा। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी और गणेश चतुर्थी हम मना चुके हैं। अगले माह अक्टूबर में नवरात्र और दशहरा व नवंबर में दीपावली और भाईदूज का त्यौहार मनाया जाएगा। ये सभी त्यौहार हमारी विविधता में एकता के प्रतीक हैं। इनमें हर्ष और उल्लास के अनेक रंग भरे हुए हैं। अगले माह आने वाला नवरात्र का त्यौहार शक्तिपूजा का पर्व है। नवरात्र की शुरुआत भले ही गुजरात से हुई हो, लेकिन अब यह पूरे देश का पर्व बन गया है। हर आयु वर्ग के लोग इसे धूमधाम से मनाने में पीछे नहीं रहते।

इस बात में कोई शक नहीं कि कोरोना ने त्यौहारों का रंग फीका कर दिया है। अधिकांश मंदिर बंद हैं, भीड़ भरे आयोजन नहीं हो पा रहे हैं। जहाँ हो रहे हैं, वहां कोरोना सम्बन्धित अनेक सावधानियों का पालन करना पड़ रहा है। यह उचित भी है। इसमें हमें मनमानी न करके सावधानियों का पालन करना चाहिए।

नवरात्र का मुख्य आकर्षण गरबा व डांडिया होता है। बच्चे, बुजुर्ग सभी इसमें उत्साह से भाग लेते हैं। गरबा व डांडिया में भाग ले रहे लोगों की रंग-बिरंगी पोशाकों का आकर्षण ही कुछ और होता है। डांडिया की खनक पर नृत्य करते युगल, महिलाएँ व बच्चे नयनाभिराम दृश्य प्रस्तुत करते हैं। गरबा व डांडिया का उद्देश्य लोगों को एकता के सूत्र में बांधना है। सब एक स्थान पर एकत्र होकर नृत्य करते हैं, इससे परस्पर मेल-जोल बढ़ता है। हो सकता है कि इस बार इस तरह के आयोजनों में कुछ कमी आ जाए, लेकिन जो भी होगा, वह पर्याप्त होगा। संख्या में कम होने से कोई फर्क नहीं पड़ता। हमारी भावनाओं में कोई कमी नहीं होनी चाहिए।

नवरात्र की तरह हमारे अन्य पर्व भी मेलजोल, सामाजिक सौहार्द आदि को बढ़ावा देने में सहायक सिद्ध हुए हैं। होली पर तो लोग दुश्मनों को भी गले लगा लेते हैं। शक्ति पर्व यानी नवरात्र के समापन पर आने वाला दशहरा हमें यह संदेश देता है कि हम बुराई से दूर रहें, अन्यथा हमारा भी रावण की तरह हाल हो जाएगा। हमें खुद भी बुराइयों से बचना होगा और दूसरों को भी बचाने का प्रयास करना होगा। यह हमारी जिम्मेदारी है, क्योंकि मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है। एक सुसंस्कृत समाज का निर्माण करना हम सब की जिम्मेदारी है।

इस शक्ति पर्व पर हम संकल्प लें कि किसी भी असहाय की आंख में आंसू नहीं आने देंगे। मातृ शक्ति के सम्मान पर आंच नहीं आने देंगे। क्योंकि जिस मातृ शक्ति की आपने नौ दिन पूजा की है, उसकी प्रतीक मातृ शक्ति का यदि अपमान हुआ, तो आपकी पूजा-अर्चना, आराधना निष्फल हो जाएगी। देवी माँ की पूजा से पहले घर की माँ की पूजा करें। मातृ सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं। हमें यह हमेशा ध्यान रखना चाहिए।

श्री माहेश्वरी समाज परिवार की ओर से सभी को नवरात्र और दशहरे यानी विजय पर्व की बधाई।

रामदास कोठ्यारी
– संपादक

गोपाल लाल मालपानी-महामंत्री द्वारा श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर के लिए प्रकाशक व मुद्रक


नवरात्र एवं दशहरा की हार्दिक शुभकामनाएँ
आसाम की लाजवाब
चिंकारा
प्रीमियम चाय
मजबूत रिश्ते और कड़क चाय धीरे धीरे बनते हैं....
CHINKARA
Premium Leaf Tea
Panchi
Morning Tea
GAJAB SWAD KI CHAI
Ghoda tea
डस्ट चाय, दानेदार चाय 250, 500 ग्राम व 1 किलो में उपलब्ध
Packed & Markated by :
P.V. SALES CORPORATION
17, Gulab Bari, Ind. Area, Road,
Jhotwara, Jaipur-12 (INDIA)
7300244455
9314513438
maroo.puneet@gmail.com
www.chinkaragroup.com



# नवरात्र में मचती है गरबा-डांडिया की धूम

## बच्चों से बुजुर्गों तक सभी करते हैं शिरकत

हर त्यौहार अपने साथ कुछ न कुछ विशेषताएँ लेकर आता है। इन विशेषताओं से उस त्यौहार का उल्लास बढ़ जाता है। होली आने के साथ ही चंग-धमाल की धूम मच जाती है। मस्तानों की टोलियाँ गली-गली फाग गाते हुए घूमती हैं। इसी तरह नवरात्र के दिनों में गरबा और डाँडिया की धूम रहती है। शक्ति पर्व इनके बिना अधूरा लगता है। गरबा और डांडिया नवरात्र के उल्लास को दुगना कर देते हैं। पिछले करीब दो दशकों से गरबा-डांडिया का चलन इतना बढ़ा है कि अब छोटे-छोटे शहरों में इसके आयोजन होने लगे हैं। मूल रूप से गुजरात में खेला जाने वाला गरबा-डांडिया पहले महानगरों तक ही सीमित था। यहाँ की बड़ी-बड़ी संस्थाएँ और क्लब इनके आयोजन कराते थे, लेकिन अब इनका आयोजन पूरे देश में होता है।

इनकी लोकप्रियता इतनी बढ़ गई है कि अब इनमें बड़े-बड़े फिल्म कलाकार भी भाग लेने लगे हैं। इनका आयोजन अब ईवेंट कंपनियों के जिम्मे होता है। इन कार्यक्रमों के टिकट भी काफी महंगे रखे जाते हैं। इस तरह गरबा-डांडिया ने व्यावसायिक रूप ले लिया है। उन्होंने इसे ब्रांड बना दिया है।

इसके विपरीत बाजारवाद से अलग गली-मोहल्लों में जो कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं, वे किसी भी तरह कम नहीं हैं। नौ दिन तक चलने वाले इन कार्यक्रमों में लोग इतने उल्लास से भाग लेते हैं कि धूम मच जाती है। वहाँ न कोई बड़ा, न छोटा। सब मिल-जुलकर अपने-अपने साधनों से गरबा-डांडिया रास का आयोजन करते हैं। पूरा मोहल्ला, कालोनी उनका साथ देती है। इसमें बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक सभी भाग लेते हैं। इनका उल्लास देखते ही बनता है। तेज संगीत की धुन पर डांडिया रास करने वालों के पैर तो थिरकते ही हैं, दर्शक भी अपने को रोक नहीं पाते और वे भी कदम से कदम और ताल से ताल मिलाकर उनका साथ देते हैं। डांडिया की खनक सभी के मन को उल्लास से भर देती है। रंग-बिरंगे परिधान इसकी शोभा और बढ़ा देते हैं।

### क्यों करते हैं गरबा और डांडिया

नवरात्र में गरबा और डांडिया रास करने का मुख्य उद्देश्य दुर्गा माँ को प्रसन्न करना है। गरबा और डांडिया के माध्यम से वे माँ दुर्गा को प्रसन्न करने के लिए उनकी आराधना करते हैं। नवरात्र या नवरात्रि का शाब्दिक अर्थ नौ रातें होता है। इन नौ रातों में माता के भक्त माँ दुर्गा के विभिन्न शक्ति रूपों की पूजा करते हैं। वैसे तो यह दोनों गुजरात के लोक नृत्य हैं, लेकिन अब यह पूरे देश में खेले जाते हैं। गरबा को सौभाग्य का प्रतीक भी माना जाता है।

कहा जाता है कि वर्षों पहले गुजरात में महिषासुर राक्षस के आतंक से त्रस्त लोगों ने ब्रह्मा, विष्णु और महेश की आराधना की। देवताओं के प्रकोप से तब देवी जगदम्बा प्रकट हुईं। उन्होंने उस राक्षस का वध किया। तभी से यहाँ नवरात्रि में भक्तगण नौ दिन तक उपवास करने लगे। साथ ही देवी के सम्मान में वे गरबा-डांडिया करने लगे। आम तौर पर गरबा नवरात्र के समय ही खेला जाता है। ऐसा माना जाता है कि गरबा नृत्य माँ दुर्गा को काफी पसंद है। गरबा गुजरात के साथ-साथ राजस्थान में भी काफी प्रसिद्ध है।

### क्या फर्क है गरबा और डांडिया में

गरबा और डांडिया दोनों ही दुर्गा माँ की आराधना के लिए किए जाते हैं, लेकिन दोनों में काफी फर्क है। सबसे बड़ा फर्क यह है कि गरबा माँ की आरती से पहले किया जाता है और डांडिया आरती के बाद। गरबा नृत्य एक समूह में किया जाता है, इसमें तालियों और चुटकियों का प्रयोग होता है, जबकि डांडिया नृत्य समूह में न होकर स्वतंत्र रूप से होता है। यह युगल व अकेले, दोनों तरह से होता है। डांडिया नृत्य में लकड़ी की छोटी-छोटी स्टिक यानी डांडिया का प्रयोग किया जाता है, इसलिए इसे डांडिया रास कहा जाता है।

दोनों के लिए गीत भी अलग-अलग हैं। गरबा में जहाँ माता के गीत बजाए जाते हैं, वहीं डांडिया में राधा-कृष्ण से सम्बन्धित गीत बजाए जाते हैं, लेकिन पिछले कुछ वर्षों से इन दोनों ही नृत्यों में फिल्मी गीतों ने प्रवेश कर लिया है। यह चलन दिनों-दिन बढ़ता ही जा रहा है। यदि ऐसा ही रहा तो वह दिन दूर नहीं जब इनमें सिर्फ फिल्मी गाने ही सुनाई पड़ेंगे। माता और राधाकृष्ण से जुड़े गीत बिल्कुल ही लुप्त हो जाएंगे। गरबा शब्द 'गर्भ' से लिया गया है। एक मान्यता यह भी है कि गरबा नृत्य के द्वारा बच्चे का विकास दिखाया जाता है।

गरबा में भक्ति भाव प्रमुख होता है। इसमें घड़े पर दीपक रखकर उसके चारों तरफ नृत्य किया जाता है, जबकि डांडिया हल्के-फुल्के अंदाज में भी किया जा सकता है। इसे मनोरंजन की दृष्टि से भी किया जाता है, गरबा में ऐसा नहीं होता। कहा जाता है कि गरबा और डांडिया में पहले सिर्फ महिलाएँ ही भाग लेती थीं, समय बीतने के साथ धीरे-धीरे इसमें पुरुष भी भाग लेने लगे। फिर भी डांडिया की अपेक्षा गरबा में पुरुषों की भागीदारी काफी कम है। आज फिल्मों और टीवी ने गरबा और डांडिया को जिस तरह महिमा मंडित कर दिया है, उससे आमजन में इसके प्रति आकर्षण बढ़ा है। दौड़-भाग की इस जिंदगी में इसी बहाने मनोरंजन के

# राजस्थान में भी खूब गूंजती है
# गरबा की ताल, डांडिया की खनक



रंग-रंगीले राजस्थान में गीत-संगीत और नृत्य का खजाना भरा पड़ा है। हर खुशी के मौके पर यहाँ नृत्य और गान के आयोजन होना आम बात है। यहाँ का घूमर नृत्य विश्व प्रसिद्ध है। चिरमी, गेर, तेरहताली, कालबेलिया, भवई नृत्य भी सभी का मन मोहते हैं। साथ ही गरबा और डांडिया ने भी यहाँ अपनी खूब पहचान बना ली है। नवरात्र के दिनों में यहाँ हर तरफ डांडिया और गरबा की धूम मचती है। अन्य राज्यों की तुलना में राजस्थान में इसका असर ज्यादा दिखता है। इसका एक कारण यह भी है कि दोनों राज्यों की संस्कृति मिलती-जुलती है। इस कारण गरबा-डांडिया का विस्तार यहाँ ज्यादा हुआ।

राजस्थान में गरबा-डांडिया जल्दी लोकप्रिय होने का प्रमुख कारण यह है कि यहाँ के लोगों में कुछ न कुछ नया सीखने की चाह रहती है। उनका कहना है कि राजस्थान के अपने जो लोकनृत्य हैं उन्हें तो वे पसंद करते ही हैं। इसके अलावा यदि बाहर से कोई नृत्य, कोई कला मिले, तो उसे सीखने में कोई बुराई नहीं है। यही कारण है कि गरबा और डांडिया यहाँ बहुत ही कम समय में लोकप्रिय हो गए। अनेक नृत्य प्रशिक्षकों ने इसका प्रशिक्षण देना शुरू कर दिया। लोगों ने इसमें बड़ी रुचि से भाग लिया। उन्हें यह नृत्य बड़ा मोहक और आकर्षक लगा। इसका परिणाम यह हुआ कि राजस्थान भर में गरबा और डांडिया के आयोजन होने लगे। इनमें छोटे-बड़े सभी तरह के आयोजन थे। स्कूल-कॉलेजों में भी इनकी पहुँच हो गई। अनेक शिक्षण संस्थाएँ अपने वार्षिकोत्सवों में गरबा-डांडिया को प्रमुखता देने लगीं। इस तरह गरबा-डांडिया अब सिर्फ गुजरात तक ही सीमित नहीं रहा। वह देश-विदेश तक में फैल गया।

# रोजगार भी देते हैं
# गरबा-डांडिया



भारत में मनाए जाने वाले पर्वों-त्यौहारों की विशेषता यह है कि ये लाखों लोगों को रोजगार दिलाते हैं। चाहे होली हो या दीवाली, रक्षाबंधन हो या कृष्ण जन्माष्टमी। तीज हो या गणगौर, हर त्यौहार पर बाजार इनसे सम्बन्धित चीजों से पट जाता है। होली पर रंग-गुलाल, पिचकारियों की भरमार रहती है। दीवाली में आतिशबाजी, दीए, गणेश-लक्ष्मी की मूर्तियाँ, सजावट का सामान, पूजन सामग्री व मिठाई खूब बिकती है। गरबा और डांडिया भी किसी से पीछे नहीं हैं। गरबा और डांडिया खेलने के लिए अनेक चीजों की जरूरत पड़ती है। इनके बिना इन्हें मनाने की कल्पना नहीं की जा सकती। बड़ी संख्या में लोग इनकी खरीददारी करते हैं।



इनमें मुख्य है गरबा-डांडिया नृत्य के लिए पोशाक। यह दोनों ही नृत्य रोजमर्रा पहने जाने वाले साधारण कपड़ों में नहीं किए जाते। इसके लिए विशेष पोशाक बनानी पड़ती है। बच्चे, महिलाएँ व पुरुष इन्हें पहनकर नृत्य करते हैं। इनमें महिलाओं के लिए लहंगा, चुन्नी, पुरुषों के लिए कुर्ता व दुपट्टा मुख्य होता है। नवरात्र के दिनों में बाजार में इनकी भरमार हो जाती है। इनकी कीमत इनकी गुणवत्ता के आधार पर होती है। लोग अपने बजट के अनुसार इसकी खरीददारी करते हैं। इनके अलावा डांडिया नृत्य में काम आने वाली रंग-बिरंगी स्टिक का भी बहुत बड़ा बाजार है। डांडिया तो इसके बिना हो ही नहीं सकता, इसलिए इसकी भारी मात्रा में बिक्री होती है।

गरबा-डांडिया का स्वरूप अब बहुत बड़ा हो गया है, इसलिए अनेक ईवेंट कंपनियाँ इसमें कूद पड़ी हैं। इन ईवेंट कंपनियों में हजारों लोग काम करते हैं। इन नृत्यों के आयोजन के लिए स्थान किराए पर लिए जाते हैं। इनके पांडाल, सजावट आदि से भी लाखों लोगों को रोजगार मिलता है। अनेक आयोजक आयोजन स्थल पर 'फूड जोन' भी बनाते हैं, जिससे अच्छी-खासी आय होती है। इससे अनेक कारीगरों, वेटर आदि को रोजगार मिलता है। कुल मिलाकर गरबा-डांडिया मनोरंजन के साथ-साथ रोजगार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।



# थारे बिना श्याम म्हाने एकलो लागे....

नवरात्रों में आदिशक्ति माँ दुर्गा की पूजा होती है। गरबा व डाँडिया के जरिए इन्हीं की आराधना की जाती है। गरबा में माता की स्तुति सम्बन्धी गीत गाए जाते हैं, लेकिन आश्चर्य की बात यह है कि डांडिया में भगवान कृष्ण को आधार बनाकर गीत गाए जाते हैं। डांडिया के अवसर पर गाया जाने वाला सबसे प्रसिद्ध गीत है ''थारे बिना श्याम म्हाने एकलो लागे.......'' यानी तुम्हारे बिना श्याम मैं अपने को अकेला पाती हूँ। इस तरह के गीतों का कारण यह है कि डांडिया रास की उत्पत्ति कृष्ण-राधा और गोपियों के रास से मानी जाती है। जिस तरह गोपियाँ अपने नृत्य व गायन से अपने कृष्ण को रिझाती थीं, उसी तरह आधुनिक काल में भी डाँडिया में इन गीतों के माध्यम से अपने प्रेमी रूपी कृष्ण को रिझाया जाता है।



डाँडिया को गुजराती नृत्य माना जाता है। यह श्री कृष्ण से जुड़ा है। 'रास' शब्द संस्कृत के 'रसा' से आया है। गुजरात के अलावा यह दक्षिणी राजस्थान और पश्चिमी मध्यप्रदेश में भी प्रचलित है।

डाँडिया रास को एक अन्य कहानी से भी जोड़ा जाता है। इस कहानी के अनुसार माँ दुर्गा और महिषासुर के बीच भयंकर युद्ध छिड़ गया था। ये युद्ध नौ दिनों तक चला था। इस वजह से इसमें प्रयोग होने वाले डाँडिए को तलवार से भी जोड़कर देखा जाता है। डाँडिया और गरबा, दोनों में ही महिलाएँ रंग-बिरंगी पोशाक पहनती हैं। इसमें चनिया चोली, घाघरा यानी लहंगा, कमरबंध, बाजूबंद, मांग-टिक्का आदि होते हैं। नवरात्र के अलावा डाँडिया अन्य कई सामाजिक अवसरों पर भी किया जाता है।

### क्या है गरबा

गरबा नृत्य माता को समर्पित होता है। यह माँ दुर्गा की मूर्ति के आगे एक समूह में गोल-गोल घूमकर किया जाता है। एक मिट्टी के बर्तन में जौ और तिल की घास उगाई जाती है, इसे किसी खुली जगह पर रखकर स्थापित करते हैं। इसी बर्तन को गरबा कहा जाता है। इसे किसी खुले स्थान पर रखा जाता है। इसके साथ ही एक दीपक जलाया जाता है। इसके इर्द-गिर्द गोला बनाकर नृत्य किया जाता है। इसे ही गरबा नृत्य कहा जाता है। गरबा वृत्ताकार में करने के पीछे उद्देश्य यह है कि मनुष्य जीवन भी एक वृत्त (साइक्लिंग स्ट्रक्चर) की भाँति है। इंसान जन्म लेता है। मतलब यह जहाँ से शुरू करता है, वहीं आ जाता है। बीच में रखा दीप यह बताता है कि हर इंसान के मन में एक देव तत्व छिपा रहता है। हम सभी के मन में देवी का निवास होता है, बस जरूरत है उसे खोजने की। इसी वजह से इसके चारों ओर नृत्य किया जाता है। बीच में रखा गरबा एक जगह रहता है, जो बताता है कि देवी शाश्वत सत्य है और हम सब यहाँ अनिश्चित रूप से रह रहे हैं। इस प्रकार गरबा और डाँडिया हमें जीवन के दर्शन से भी साक्षात्कार कराते हैं।





# 9 दिन प्रतीक

भारतीय धार्मिक चरित्रों की बड़ी खासियत यह है कि वे अपने पूर्ण रूप में मानव कल्याण और दुनिया की बेहतरी का संदेश देते हैं। साथ ही उनके रूप, रंग, गुण और उनसे जुड़ी चीजें भी इंसानी जीवन को संवारने के प्रतीकों और संकेतों से भरी हैं। दैवीय रूपों में दिखाई गई हर चीज का अध्यात्मिक महत्व तो है ही इनका व्यावहारिक महत्व भी है। कई बार हम भक्ति में इन छोटे-छोटे संकेतों और प्रतीकों को नजरअंदाज कर देते हैं। शक्ति की उपासना के नौ दिनी महोत्सव की शुरुआत पर मां दुर्गा से जुड़े प्रतीकों पर एक नजर...

## शंख



### अनसुनी ध्वनि का रखें ध्यान

मां दुर्गा के हाथ का शंख ध्वनि का प्रतीक है। यह ध्वनि शक्ति, संहार और चेतावनी की है। यह ध्वनियां हमारे आसपास हैं, लेकिन हम इन्हें अनसुना करते हैं। यह हमारे अंतर्मन से भी निकलती हैं और बाहरी दुनिया से संकेतों के जरिये भी मिलती हैं। आराधना के जरिये हम इन्हें ज्यादा बारीकी से सुन सकते हैं।

## कमल



### विश्वास का प्रतीक

मां दुर्गा के हाथ में अधखिला कमल इस विश्वास का प्रतीक है कि सफलता ही कार्य की अंतिम परिणति है। अधखिला कमल पर्ण आकार लेगा यह उसकी नियति है, निश्चितता नहीं। सफलता का पूरा कमल खिले, यह सुनिश्चित करने के लिए प्रयासों की भी जरूरत है। कीचड़ में खिलने वाला कमल इस बात का भी प्रतीक है कि बुरी से बुरी परिस्थितियों के बीच से खुशियां खिल उठती हैं।

## त्रिनेत्र



### इच्छा, कार्यशीलता और ज्ञान

भगवान शिव की तरह मां दुर्गा की भी तीन आंखें हैं। उन्हें त्रिअम्बिके भी कहा जाता है। बायीं आंख चंद्रमा (इच्छा) की प्रतीक है। दायीं आंख सूर्य (कार्यशीलता) को दर्शाती है, जबकि माथे की आंख आग (ज्ञान) की प्रतीक है। इनका मिश्रित संदेश है कि आप इच्छा रखें, अपनी इच्छा को पूरा करने के लिए सतत् क्रियाशील रहें और इसके लिए ज्ञान हासिल करते रहें।

## शेर



### साहस, शौर्य और संतुलन

जंगल का राजा शेर ताकत के साथ साहस, संतुलन और शौर्य का प्रतीक है। शेर एक साथ कई जानवरों का खात्मा कर सकता है, लेकिन इससे संतुलन बिगड़ जाएगा। जरूरत के अनुसार इस्तेमाल से ही संतुलन बनता है। यह संदेश सिंहवाहिनी मां दुर्गा सवारी के जरिये देती हैं। असीमित ताकत का अर्थ संतुलन बिगाड़ने की आजादी नहीं है, बल्कि यह जिम्मेदारी है।

## हाथ



### आठ कोण और दस दिशाएं

दुर्गा के विभिन्न रूपों में आठ और कुछ में दस हाथ दर्शाए गए हैं। यह आठ कोणों और दस दिशाओं के प्रतीक हैं। वे आठ कोणों और दसों दिशाओं से हमारी रक्षा करती हैं। व्यावहारिक संकेत है कि वे हमें सभी ओर से सुरक्षित रहने और हर कोने पर नजर रखने की ताकीद करती हैं। यह कमजोरियों से लेकर समस्याओं तक के लिए है। यानी हमें अपने आसपास की हर जानकारी होनी चाहिए।

## वज्र



### अडिगता का सूचक

विभिन्न हथियारों के साथ वज्र भी मां दुर्गा के हाथ में मौजूद है। यह उनकी अडिगता का सूचक है। किसी काम में जुटने के बाद उसे अधूरा नहीं छोड़ना है। दुर्गा के ब्रह्मचारिणी रूप का संदेश भी यही है। वज्र अपने सामने आने वाली हर चीज को तोड़ डालता है। यह मजबूत इरादे का प्रतीक है। लक्ष्य की राह में आने वाली हर बाधा को तोड़ने का अदम्य साहस और इरादा ही इस हथियार का प्रतीक है।

## हथियार



### हर लड़ाई के लिए तैयार

अमूमन हमारे धार्मिक चरित्रों के हाथ में एक या दो हथियार होते हैं, लेकिन शक्ति प्रतीक दुर्गा धनुष, तलवार, भाला आदि हथियारों से लैस हैं। दुश्मन के खिलाफ अलग-अलग अस्त्र-शस्त्र का इस्तेमाल करती हैं। यह जीवन में विभिन्न किस्म के शत्रुओं और उनके लिए विशिष्ट हथियार का प्रतीक है। आम कहावत है कि अदरक हर मर्ज की दवा नहीं है। यही दुर्गा का संदेश है, जैसी समस्याएं वैसा हल।

## चक्र



### सतत् सक्रियता का दर्शन

मां दुर्गा के दाहिने हाथ की तर्जनी में सुदर्शन चक्र हमेशा घूमता रहता है। यह बुराई के विनाश का अचूक शस्त्र है। साथ ही लगातार सक्रियता प्रतीक है। यानी बुराई का खात्मा कर चुप नहीं बैठना है, बल्कि हमेशा सक्रिय रहना चाहिए। यह सक्रियता हर स्तर पर जरूरी है। यह भी माना जाता है कि चक्र इसका भी प्रतीक है कि दुनिया में कोई घटना मां दुर्गा की इच्छा के खिलाफ घटित नहीं होती।



## रूप जीवन के विविध आयाम

मां दुर्गा के नौ रूप हैं और उन्हें 108 नामों से पुकारा जाता है। यह नौ रूप जीवन के विभिन्न हिस्सों को दर्शाते हैं। शैलपुत्री का पारिवारिक दायित्व और पति के प्रति निष्ठा हो या ब्रह्मचारिणी का विराट तप, सभी रूपों में मां दुर्गा जीवन की विभिन्न भूमिकाओं के तैयार रहने का संदेश देती हैं। वे शक्ति का रूप हैं, तो सौम्यता और वात्सल्य का भी प्रतीक हैं। जगत-जननी नाम से साफ है कि यह पूरी कायनात ही उनका रूप है।



**सद्‌गुरु जग्गी वासुदेव**
ईशा फाउंडेशन के संस्थापक

## जीवन के हर पहलू को उत्सव से जोड़ती है नवरात्रि

# त्रिगुण पर विजय का प्रतीक है शक्ति की उपासना



नवरात्रि का उत्सव पूर्ण रूप से देवी से जुड़ा है। कर्नाटक में दशहरा में चामुंडी की पूजा होती है, जबकि बंगाल में दुर्गा की। इसी तरह इस दौरान देश के विभिन्न हिस्सों में विभिन्न देवियों की उपासना होती है, लेकिन मूल रूप से नवरात्रि का समय देवी आराधना या शक्ति की उपासना से जुड़ा है।

नवरात्रि के नौ दिन मूल रूप से तीन गुणों-रजस, तमस और सत्व में बांटे गए हैं, जो त्रिगुण के नाम से भी जाने जाते हैं। किसी भी जीव के अस्तित्व के लिए ये तीन गुण ही मुख्य आधार है। इन तीनों गुणों के बिना कोई अस्तित्व संभव नहीं है। यहाँ तक कि एक अणु भी इन गुणों से मुक्त नहीं है। हर अणु में इन तीनों गुणों या तत्वों की ऊर्जा, स्पंदन व प्रकृति का कुछ न कुछ अंश पाया जाता है। अगर ये तीनों तत्व मौजूद नहीं होंगे तो कोई भी चीज टिक नहीं सकती, वह बिखर जाएगी। अगर आप में सिर्फ सतो गुण ही है, तो आप यहाँ एक पल के लिए भी टिक नहीं पाएंगे, तुरंत गायब हो जाएंगे। इसी तरह से अगर आप में सिर्फ रजो गुण होगा, तो भी यह काम नहीं करेगा और अगर आप में सिर्फ तमस ही होगा तो आप हमेश निष्क्रिय रहेंगे। इसलिए हर चीज में ये तीनों ही गुण मौजूद हैं। अब सवाल यह है कि आप इन तीनों को किस अनुपात में मिलाते हैं। तमस का शाब्दिक अर्थ है, निष्क्रियता और ठहराव। रजस का आशय है, सक्रियता और जोश। एक तरह से सत्व का मतलब है, अपनी सीमाओं को तोड़ना, विसर्जन, विलयन व एकाकार।

तीन मुख्य आकाशीय पिण्डों सूर्य, पृथ्वी और चंद्रमा से हमारे शरीर की मूल संरचना का गहरा संबंध है। पृथ्वी को तमस का, सूर्य को रजस का और चंद्रमा को सत्व का प्रतीक मानते हैं। जो लोग अधिकार, सत्ता, अमरत्व व ताकत की कामना करते हैं, वे देवी के तमस रूप की आराधना करेंगे, जैसे काली व धरती माता। जो लोग धन-दौलत, ऐश्वर्य, जीवन व सांसारिकता से जुड़ी चीजों की कामना करते हैं, वे स्वाभाविक तौर पर देवी के रजस रूप की आराधना करेंगे, जिसमें देवी लक्ष्मी व सूर्य आते हैं। लेकिन जो लोग ज्ञान, चेतना, उत्कर्ष और नश्वर शरीर की सीमाओं से ऊपर उठने की कामना करते हैं, वे देवी के उस सत्व रूप की आराधना करेंगे, जिसका प्रतीक सरस्वती और चंद्रमा है। नवरात्रि के पहले तीन दिन तमस के माने जाते हैं, जिसकी देवी प्रचंड और उग्र हैं, जैसे दुर्गा या काली। इसके अगले तीन दिन रजस या लक्ष्मी से जुड़े माने जाते हैं, जो बहुत सौम्य हैं, लेकिन सांसारिकता से जुड़े हुए हैं, जिसकी देवी सरस्वती हैं, जो विद्या और ज्ञान से संबंधित है।

**नवरात्रि के नौ दिन मूल रूप से तीन गुणों-रजस, तमस और सत्व में बांटे गए हैं, जो त्रिगुण के नाम से भी जाने जाते हैं। किसी भी जीव के अस्तित्व के लिए ये तीन गुण ही मुख्य आधार है।**

इन तीनों गुणों में अपनी जिंदगी निवेश करने के तरीके से आपके जीवन की दशा व दिशा तय होती है। अगर आप तमस पर ज्यादा जोर देते हैं, तो आप जीवन में एक खास तरीके से ताकतवर होते हैं। इसी तरह से अगर आप रजस पर जोर देते हैं तो आप एक अलग तरीके से शक्तिशाली होते हैं, लेकिन अगर आप सत्व में निवेश करते हैं तो आप पूरी तरह से बिल्कुल एक अलग तरीके से समर्थ बन जाते हैं। लेकिन अगर आप इन तीनों ही तत्वों से ऊपर उठ जाते हैं, तो फिर मामला शक्ति का नहीं, बल्कि मुक्ति से जुड़ जाता है। तो इस प्रकार ये तीन गुण आपको अलग-अलग तरीकों से सामर्थ्यवान और शक्तिशाली बनाते हैं।

नवरात्रि के उत्सव का एक अर्थ यह भी है कि आपने तमस, रजस और सत्व इन तीनों ही गुणों को जीत लिया है, उन पर विजय पा ली है। यानी इस दौरान आप इनमें से किसी में नहीं उलझे। आप इन तीनों गुणों से होकर गुजरे, तीनों को देखा, तीनों में भागीदारी की, लेकिन आप इन तीनों से किसी भी तरह बंधे नहीं, आपने इन पर विजय पा ली। इस तरह से नवरात्रि के नौ दिनों का आशय जीवन के हर पहलू के साथ पूरे उत्सव के साथ जुड़ना है। अगर आप जीवन में हर चीज के प्रति उत्सव का नजरिया रखेंगे तो आप जीवन को लेकर कभी गंभीर नहीं होंगे। साथ ही आप हमेशा उसमें पूरी तरह से शरीक होंगे। दरअसल आध्यात्मिकता का सार भी यही है। ■

# दुर्गा के नौ रूप और महत्व

## 1. शैलपुत्री

**मंत्र :** *वन्दे वांछितलाभाय चन्द्रार्धकृतशेखराम्।*
*वृषारूढां शूलधरांशैलपुत्रीं यशस्विनिम्।।*



पर्वत राज हिमालय के घर पुत्री रूप में जन्मीं इसलिए नाम शैलपुत्री है। ये स्थिरता लाती हैं। दाएं हाथ में त्रिशूल शत्रु संहार व बाएं हाथ में कमल शांति का प्रतीक है।

## 2. ब्रह्मचारिणी

**मंत्र :** *दधाना करपद्माभ्यामक्षमालाकमण्डलू।*
*देवी प्रसीदतु मयि ब्रह्मचारिण्यनुत्तमा॥*



ब्रह्मचारिणी यानी तप का आचरण करने वाली। बाएं हाथ में कमंडल और दाएं में जप माला ज्ञान का प्रतीक हैं। सबसे प्रसिद्ध मंदिर काशी के सप्तसागर (कर्णघंटा) क्षेत्र में है।

## 3. चंद्रघंटा

**मंत्र :** *पिण्डज प्रवरारूढ़ाण्डकोपास्त्रकैर्युता।*
*प्रसादं तनुते मां चंद्रघण्टेति विश्रुता॥*



इनके मस्तक पर घंटे के आकार में अर्द्धचंद्र विराजित है। इसलिए नाम चंद्रघण्टा है। इनका वाहन सिंह है। शौर्य के लिए देवी के इस रूप की पूजा की जाती है।

## 4. कूष्मांडा

**मंत्र :** *सुरासम्पूर्णकलशं रूधिराप्लुतमेव च।*
*दधाना हस्तपद्माभ्यां कूष्माण्डा शुभदास्तुमे॥*



कू यानी थोड़ा, ऊषा यानी ऊर्जा और अंड का अर्थ है ब्रह्मांडीय अंडा। कूष्मांडा देवी ने ब्रह्मांड की रचना की। आध्यात्मिक उन्नति के लिए इनकी पूजा होती है।

## 5. स्कन्दमाता

**मंत्र :** *सिंहासनगता नित्यं पद्माश्रितकरद्वया।*
*शुभदास्तु सदा देवी स्कन्दमाता यशस्विनी॥*



स्कन्द यानी कार्तिकेय की माता होने के कारण मां दुर्गा के इस स्वरूप को स्कन्दमाता कहा जाता है। स्कन्द उनकी गोद में विराजित हैं। इन्हें पद्मासन देवी भी कहा जाता है।

## 6. कात्यायनी

**मंत्र :** *चन्द्रहासोज्ज्वलकरा शाईलवरवाहना।*
*कात्यायनी शुभं दद्यादेवी दानवघातिनी।।*



महर्षि कात्यायन ने सर्वप्रथम इनकी पूजा की थी इसलिए ये कात्यायनी के नाम से प्रसिद्ध हुईं। इनके 18 हाथ तक बताए गए हैं। वे कर्म के लिए प्रेरित करती हैं।

## 7. कालरात्रि

**मंत्र :** *वामपादोल्लसल्लोहलताकण्टक भूषणा।*
*वर्धनमूर्धध्वजा कृष्णा कालरात्रिर्भयङ्करी॥*



रूप रात के अंधकार के समान काला माना गया है, इसलिए इन्हें कालरात्रि कहते हैं। सिर पर बाल बिखरे हुए हैं। ये रूप सभी डर दूर करता है। ये शुभ फल देने वाली हैं, इसलिए इन्हें शुभंकरी भी कहते हैं।

## 8. महागौरी

**मंत्र :** *श्वेते वृषे समरूढ़ा श्वेताम्बरधराशुचिः।*
*महागौरी शुभं दद्यान्महादेवप्रमोददा॥*



श्वेत वर्ण हैं। सफेद ही वस्त्र धारण करती हैं इसलिए उन्हें श्वेतांबरधरा भी कहते हैं। सफेद बैल पर ही सवार हैं। वे जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती हैं।

## 9. सिद्धिदात्री

**मंत्र :** *सिद्धगन्धर्वयक्षाद्यैरसुरैर मरैरपि।*
*सेव्यामाना सदा भूयात सिद्धिदा सिद्धिदायिनी॥*



ये सिद्धियों को प्रदान करने वाली हैं। अणिमा, महिमा, गरिमा, लघिमा, प्राप्ति, प्राकाम्य, ईशित्व और वशित्व- ये आठ सिद्धियां होती हैं। वे गुण विकसित करने के लिए प्रेरित करती हैं।

## दुनिया की सबसे ऊँची दुर्गा प्रतिमा



**यह** विश्व की सबसे ऊंची दुर्गा प्रतिमा है। मॉरीशस में 108 फीट ऊंची इस प्रतिमा का निर्माण 2011 में शुरू किया गया था। इसमें चार सौ टन लोहे का इस्तेमाल हुआ है। मूर्ति के पास ही भगवान शिव की प्रतिमा भी है

# नवरात्र

# शांति, आनंद और ऊर्जा का आध्यात्मिक त्रिकोण

इस साल नवरात्र और कोरोना का विचित्र संयोग है। शक्ति के उपासकों के लिए यह साधना का स्वर्णिम अवसर है। आसोज (अश्विन) मास कुदरत का शीतल पर्व है। कहते हैं कि शीतलता और शांति एक-दूसरे के पर्याय हैं। आज भी बचपन की वह नवरात्र स्मरण में लौट आती है, जब हम सबने बहनों-माताओं को गरबे गाते सुना था। शाम ढलते ही पारंपरिक परिधानों में महिलाएं मुहल्ले-गांव के चौक में दौड़ी हुई आ जुटती थीं। हमने ढोल-मंजीरे से ताल मिलाकर नर्तन करती कन्या-बहनों में भगवती के दर्शन किए हैं।

सुरीली-कोयल की कूक जैसी मधुर कंठ ध्वनि के साथ पैरों की थिरकन और करतल ध्वनि का वह त्रिवेणी संगम कैसी हृदयंगम अनुभूति थी! गरबे के समापन पर आरती और उसके बाद बहनों को कोई प्यार भरा उपहार मिलता था। और उन मीठे गीतों को गुनगुनाते हुए सब घर लौट जाते थे। न कोई एन्ट्री पास न डोनेशन की खटपट, न ही खर्चीला आयोजन। नवरात्र का आगमन और समापन इतना सहज था जैसे सावन के जल से भरी बदली आई और आनंद की अमृतवर्षा कर चली गई ! इस साल कोरोना को रोकने के लिए गरबों के सामूहिक आयोजन कम होंगे। आइए, नवरात्र के साधना पर्व का जो मूल स्वरूप है, पुन: उसका आविष्कार करें।

### नवरात्र: शरद की शीतलता का आह्लाद लेने का और अंतर की सफाई करने का महापर्व!

ऋतु कालचक्र में कार्तिक से अश्विन बारह महीने और शरद, हेमंत, शिशिर, वसंत, ग्रीष्म और वर्षा छह ऋतुएं हैं। आसो माह से शरद ऋतु प्रारंभ होती है। यह एक सुंदर प्राकृतिक संयोग है। वर्षा रानी ने विदा ले ली है। वातावरण स्वच्छ और शांत है। बावड़ियां-नदियां मीठे जल से छलोछल हैं। खेत और वन हरियाली से पुलकित हैं। एकम से लेकर पूर्णिमा तक चंद्रमा कलाएं बढ़ाता जा रहा है। और जब उस महारात्र शरद पूर्णिमा का आगमन होता है, तब तो सोम (चंद्र) देवता की शोभा पूर्णता प्राप्त कर लेती है, जैसे कि नक्षत्रों के दरबार में कोई चक्रवर्ती सम्राट विराजमान हो! हमारे प्यारे चंदामामा भी आकाश के हर एक कोने को शीतल मधुर चांदनी से भर देते हैं। मन और चंद्रमा का बहुत करीबी रिश्ता है। उसकी बढ़ती कलाएं जनमन में नवीन आशा और उमंग का संचार करती हैं। विशेषत: माताएं खुश हो उठती हैं, जैसे उनका प्यारा भाई नक्षत्रों का मंडप सजा-धजा कर उन्हें गरबा खेलने के लिए मायके ले जाने आया है! पुरुषों के लिए भी मां की साधना करने के लिए मौसम अनुकूल है। खेतों में बुवाई का काम पूरा हो गया है। अपनी जमीन पर उठे नवांकुरों से मन में सुखी भविष्य का भरोसा बंधा है। वातावरण भी खुशनुमा है। न ज्यादा गरमी और न ही ज्यादा ठंड है। जप-तप-उपवास करना भी सहज है। पारंपरिक नवरात्र में पुरुष और स्त्री दोनों के लिए भिन्न-भिन्न कर्त्तव्य हैं। नवरात्र नर-नारी दोनों के लिए अपनी मां की गोद की छांव प्राप्ति का स्वर्णिम अवसर है। कौटुंबिक जीवन में भी शिव-शक्ति का संयोग है! कुछ ऐसा ही रहा होगा अपने नवरात्र पर्व का मूल उद्देश्य!

आज जब कुदरत ने तीसरी आंख खोलकर कोरोना वायरस के बहाने हमें चेतावनी दी है, तब यूं मानो हमें नवरात्र के मूल रूप को समझने का अनायास अवसर मिल गया है। आओ! हमारे घर के पूजा के कोने में पड़ी उस प्रार्थना-पोथी को खोलें। परिवार के संग नवरात्र का परिशुद्ध आध्यात्मिक आनंद प्राप्त करें। और इतना ही क्यों, हमारी सांस्कृतिक धरोहर जैसे इस महान पर्व को अनैच्छिक प्रदूषण से मुक्त करने के लिए कृत संकल्पित भी क्यों न हों?

नवरात्र के व्रत में आपकी रोग-प्रतिरोधक क्षमता मजबूत रहे, इसके लिए फलाहार में पोषण जोड़ सकते हैं।

# व्रत में पोषण करें पूरा...



कोरोना के इस दौर में लोग नवरात्र का व्रत भी रखेंगे, परंतु अभी एक चिंता का विषय है- रोग-प्रतिरोधक क्षमता। भूखे रहने पर यह क्षमता प्रभावित होती है। दरअसल, जब भोजन नहीं करते या जरूरत से कम करते हैं, तो शरीर पर अधिक भार पड़ता है। शरीर को काम तो सभी करने होते हैं, किंतु भोजन और पोषक तत्व सीमित मिलते हैं और उन्हीं में उसे सारा काम चलाना पड़ता है।

ऐसे में व्रत कैसे रखना है ताकि रोग-प्रतिरोधक क्षमता भी मज़बूत बनी रहे, आइए, इसके बारे में जानते हैं।

## दूध से मिलेगा पोषण...

व्रत में दूध और दही का उपयोग बहुत आसानी से किया जा सकता है। फलों का उपयोग भी किया जाता है। आलू, साबूदाना और सिंघाड़े के आटे का उपयोग किया जाता है। इसमें दूध का सेवन बहुत जरूरी है। दूध या दही का सेवन दिन में 3 छोटे कप या 2 गिलास जरूर करें। इस दूध या दही को केले के साथ ले सकते हैं, आलू की टिक्की के साथ ले सकते हैं या फिर साबूदाने की खीर बनाकर ले सकते हैं, ये पसंद पर निर्भर करता है। दूध पर्याप्त मात्रा में प्रोटीन, कैल्शियम और विटामिन बी 12 देगा। वहीं दही इनके साथ-साथ पाचन क्रिया को दुरुस्त रखेगा।

## रात का भोजन ऐसा हो...

यह भी ध्यान दें कि दोपहर और रात के खाने में किसी भी प्रकार की रोटी को शामिल करना जरूरी है। ऐसे में साबूदाना या सिंघाड़े के आटे की रोटी का उपोग करें। अगर वजन नियंत्रण में है, तो रोटी की जगह सिंघाड़े की पूड़ी या पराठा भी खा सकते हैं। कुछ लोग उबले आलू को सिंघाड़े के आटे के साथ मिलाकर पूड़ी आदि व्यंजन बनाते हैं। अगर वजन अधिक है तो ऐसे में रोटी का ही उपयोग करें।

## जरूरी विटामिन मिलेंगे...

सिंघाड़े का आटा रेशे से भरपूर होता है जो बहुत सारे खनिज देगा, इसलिए दिन में कम से कम एक समय के खाने में साबूदाने की जगह पर सिंघाड़े का आटा उपयोग करें। ये भी ध्यान रखें कि केला, पपीता आदि ऊर्जा देते हैं, इसलिए व्रत के तीनों समय के आहार यानी कि सुबह के नाश्ते और दोपहर व रात के भोजन में फलों का उपयोग भी अवश्य करिए। इस समय मौसंबी, पपीता, केला ले सकते हैं। इनसे विटामिन सी, फाइबर, विटामिन ए और अन्य विटामिनों की आवश्यकता पूरी हो जाती है।

## दालों की दूर होगी कमी...

व्रत में दालों का उपयोग नहीं किया जाता, ऐसे में कम से कम एक मुट्ठी मूंगफली, बादाम और काजू का मिश्रण जरूर लें। पूरे दिन में अपने खाने में एक चम्मच तिल का उपयोग जरूर करें। चाहें तो तिल को आटे में गूंध सकते हैं, साबूदाने की खिचड़ी या आलू की टिक्की में मिलाकर भी ले सकते हैं। पर ध्यान रहे कि तिल को चबाकर जरूर खाएं ताकि इसका पूरा फायदा मिले।

## रात के समय का पोषण...

रात में सोने से पहले एक कप दूध में आधा चम्मच हल्दी डालकर अवश्य लीजिए। पर्याप्त पानी पीना आवश्यक होगा। साथ ही शुद्ध और साफ हवा में सैर करें या छत पर जरूर टहलें।

नवरात्र में नौ दिनों का उपवास कई लोग रखते हैं। अगर एकसमय फलाहार ले रहे हैं, तो इसमें व्रत के आलू, साबूदाने की खिचड़ी और सिंघाड़े की पूड़ियों से हटकर कुछ खास बनाकर देखिए।

# व्रत के लिए स्वादिष्ट फलाहार

## राजगीरा बूंदी रायता

• क्या चाहिए...



राजगीरा का आटा-1 कप, चक्का दही-2 कप, अदरक का पेस्ट 1/2 छोटा चम्मच, हरा धनिया-1 बड़ा चम्मच बारीक कटा हुआ, हरी मिर्च-1 छोटा चम्मच बारीक कटी हुई, काली मिर्च पाउडर-1 छोटा चम्मच, भुना जीरा पाउडर-12 छोटा चम्मच, सेंधा नमक-स्वादानुसार और घी-तलने के लिए।

• ऐसे बनाएं...

दही और एक कप पानी को बॉउल में डालकर अच्छी तरह से फेंटें। एक बोल में राजगीरे का आटा, अदरक का पेस्ट, 1/4 छोटा चम्मच नमक और 1/4 छोटा चम्मच काली मिर्च पाउडर डालकर अच्छी तरह से मिलाएं। आवश्यकतानुसार पानी मिलाकर गाढ़ा घोल बनाएं। कड़ाही में घी गर्म करें। तेज आंच करके मोटे छेद वाली छलनी कड़ाही पर रखें। इस पर घोल डालकर हाथ से फैलाते हुए बूंदी डालें। मध्यम आंच पर सुनहरी होने तक तलकर बूंदी निकाल लें। ठंडी होने पर इन्हें फेंटें हुए दही में मिलाकर एक घंटे के लिए फ्रिज में रखें। फिर इसमें नमक मिलाएं और ऊपर से बचा हुआ काली मिर्च पाउडर, भुना जीरा पाउडर, कटी हरी मिर्च और कटा हरा धनिया डालकर परोसें।

## सामक अप्पे



• क्या चाहिए...

सामक के चावल - 1 कप, साबूदाने-4 बड़े चम्मच, दही-12 कप, हरी मिर्च-1 छोटा चम्मच बारीक कटी हुई, हरा धनिया-2 छोटे चम्मच बारीक कटा हुआ, ईनो- 2 छोटा चम्मच, सेंधा नमक-1 छोटा चम्मच और घी-1 छोटा चम्मच।

• ऐसे बनाएं...

सामक के चावल और साबूदाने को 3-4 घंटे के लिए पानी में भिगोकर रख दें। फिर इनका पानी निकालकर मिक्सर में पीसें। इसे बॉउल में निकाल लें। इसमें दही और सेंधा नमक डालकर अच्छी तरह से फेंटें। हरी मिर्च, हरा धनिया भी मिलाएं। ईनो डालकर हल्के हाथों से मिलाएं। अप्पे मेकर में घी लगाकर तीन चौथाई तक मिश्रण भरें और 2-3 मिनट तक मध्यम आंच पर पकाएं। इन्हें पलटकर दो मिनट और पकाएं। अप्पे निकालकर व्रत वाली चटनी या हरी चटनी के साथ परोसें।

## मखाना पूड़ी

• क्या चाहिए...



मखाने-1 कप, आलू-1 मध्यम आकार का उबला और मसला हुआ, हरी मिर्च-1 छोटा चम्मच बारीक कटी हुई, हरा धनिया-1 बड़ा चम्मच बारीक कटा। हुआ, नींबू का रस- 12 छोटा चम्मच, काली मिर्च पाउडर-1 छोटा चम्मच, सेंधा नमक स्वादानुसार और घी तलने के लिए।

• ऐसे बनाएं...

पैन में मखाने डालकर धीमी आंच पर सूखा रोस्ट करें। ठंडा करके इन्हें मिक्सर में पीसकर बारीक पाउडर बनाएं और एक बोल में निकाल लें। घी छोड़कर बाकी सारी सामग्री भी मिलाएं। मिश्रण को आटे की तरह गूंथकर दस मिनट के लिए रख दें। आटे को फिर से गूंधकर चिकना कर लें और 5-6 लोइयां बना लें। कड़ाही में घी गर्म करें। राईस पेपर पर घी लगाएं और एक लोई इस पर रखें। हथेली पर घी लगाएं और मिश्रण को दबा-दबा कर फैलाते हुए पूड़ी बना लें। दूध की पन्नी के अंदर वाले हिस्से पर भी मिश्रण को फैलाकर पूड़ियां बना सकते हैं। इसे गर्म घी में दोनों तरफ से सुनहरा भूरा होने तक तलें। इसी तरह बाकी पूड़ियां भी बनाकर दही के साथ परोसें।

## मखाना फिरनी

• क्या चाहिए...

मखाने-1 कप, दूध-1/2 लीटर, पिसी शक्कर - 75 ग्राम, इलायची पाउडर-1/2 छोटा चम्मच, बारीक कटा पिस्ता-11 छोटा चम्मच, बारीक कटा बादाम-12 छोटा चम्मच, किशमिश 1 छोटा चम्मच और घी-1 बड़ा चम्मच।

• ऐसे बनाएं...



पैन में घी गर्म करें। मध्यम आंच पर मखानों को कुरकुरा होने तक रोस्ट करें। इन्हें मिक्सर में दरदरा पीस लें। अलग पैन में दूध डालकर तेज आंच पर गर्म करें। उबाल आने पर आंच मध्यम करके चलाते हुए पकाएं। जब दूध पककर आधा हो जाए तो मखाने का चूरा मिलाकर पकाएं। दो मिनट के बाद पिसी शक्कर और इलायची पाउडर मिलाएं। गाढ़ी होने पर आंच बंद कर दें। मखाना फिरनी को फ्रिज में रखकर ठंडा कर लें। ऊपर से पिस्ता, बादाम और किशमिश डालकर ठंडी-ठंडी परोसें।

## फलाहारी बाटी

• क्या चाहिए...

सामा के चावल का आटा-1 कप, सिंघाड़े का आटा-2 बड़े चम्मच, आलू 2 मध्यम आकार के उबले और मसले हुए, अजवायन-1 छोटा चम्मच, सौंफ-1 छोटा चम्मच, कुटी काली मिर्च-1/2 छोटा चम्मच, सेंधा नमक स्वादानुसार और घी तलने के लिए।



• ऐसे बनाएं...

घी छोड़कर बाकी सारी सामग्री एक बॉउल में डालकर अच्छी तरह से मिलाएं। एक बड़ा चम्मच देसी घी डालकर मिलाएं और थोड़ा-थोड़ा पानी डालते हुए आटा गूंथें। इसे दस मिनट के लिए ढककर रख दें। आटे की बाटी जितनी बड़ी लोइयां तैयार करें। गोल लोई को हथेली से दबाकर बाटी बना लें। फिर इन्हें स्टीमर में 12-13 मिनट तक पकाएं। अब तेज आंच पर कड़ाही में घी गर्म करें। इसमें बाटियों को डालकर धीमी आंच पर सुनहरा होने तक तलें। इन्हें सुनहरा होने में 5-6 मिनट तक लग जाएंगे। कुरकुरी फलाहारी बाटी हरी चटनी के साथ परोसें।

## सेब की फलाहारी टिक्की

• क्या चाहिए...

सेब-1 पका हुआ, आलू-1 बड़े आकार का उबला मसला हुआ, सिंघाड़े का आटा-1/4 कप, हरी मिर्च-1 छोटा चम्मच बारीक कटी हुई, नींबू का रस-1 छोटा चम्मच, अदरक का पेस्ट- 1/2 छोटा चम्मच, काली मिर्च पाउडर-12 छोटा चम्मच, सेंधा नमक स्वादानुसार और घी तलने के लिए।

• ऐसे बनाएं...

सेब को छीलकर इसके छोटे-छोटे टुकड़ों में काट लें और एक बॉउल में डालकर नींबू का रस मिलाएं। इसमें मसले हुए आलू, 2 बड़े चम्मच सिंघाड़े का आटा और सभी मसाले डालकर अच्छी तरह से मिलाएं। घी छोड़कर बाकी सामग्रियां मिलाकर गूंथ लें। इसकी लोइयां बनाएं और दबाकर टिक्कियों का आकार दें। इनको सिंघाड़े के आटे में लपेटकर एक तरफ रखें। कड़ाही में घी गर्म करें। तेज आंच पर इन टिक्कियों को डालें और फिर मध्यम आंच पर सुनहरा होने तक तलें। सेब की टिक्कियों पर काली मिर्च पाउडर डालकर दही और हरी चटनी के साथ परोसें।

# व्रत में इस तरह बढ़ाएं अपनी इम्यूनिटी

**तरोताजा बने रहने के लिए हर घंटे कुछ खाएं, खूब पानी पीएं**

शारदीय नवरात्र में हम उपवास तो करेंगे ही, लेकिन कोरोना के इस दौर में उपवास से रोग प्रतिरोधक क्षमता प्रभावित न हो यह भी ध्यान रखना है। ऐसे में उपवास के दौरान ऐसा हो सकता है डाइट प्लान...

**सुबह** ..............................

**7:00 बजे**- 2 गिलास पानीए 1 गिलास में आंवला-अदरक व हल्दी, अजवायन काढ़ा।

**7:30 बजे**- 2 खजूर व 2 अंजीर।

**8 बजे**- ग्रीन टी या दूध वाली चाय

**9:30 बजे**- एक गिलास बिना मलाई वाला दूध या एक कटोरी दही या फिर बिना मलाई के दूध से घर पर तैयार किया पनीर, उबले आलू, शकरकंद ले सकते हैं।

**10:30 बजे**- एक केला

**दोपहर** ......................

**12:30 बजे**- छाछ

**1: 00 बजे**- अगर एक समय भोजन कर रहे हैं तो कम तेल के तड़के वाली दाल, रोटी और सब्जी अच्छी रहेगी। या राजगीरा के आटे के पराठे, लौकी की सब्जी। या पराठे, दही, साबूदाना की खिचड़ी ले सकते हैं।

**शाम** ......................

**4:00 बजे**- बिना मलाई वाले दूध की चाय

**5:00 बजे**- अदरक, हल्दी का काढ़ा अथवा सौंठ आदि के अर्क वाला एक गिलास पानी।

**6:00 बजे**- 4-5 बादाम, 2-3 अखरोट या 5-7 पिस्ता या अलसी, तिल, सूरजमुखी और कद्दू के बीज बिना नमक के।

**7:30 बजे**- साबूदाना की खिचड़ी, कुछ फल, एक गिलास दूध, आप चाहें तो पनीर-दूध का मिश्रण तैयार कर फलों के साथ भी ले सकते हैं।

**रात 10 बजे**- दो गिलास पानी।

- यह डाइट चार्ट आपको व्रत के दिनों में अंदरूनी शक्ति देगा। इम्यूनिटी बढ़ाएगा।

इस डाइट प्लान के अनुसार दिनचर्या तैयार करेंगे तो रोगप्रतिरोधी शक्ति तेज होगी और वजन भी घटेगा। इस समय वजन घटने से लाभ होगा। ज्यादा वजन भी रोग प्रतिरोधी शक्ति मंद होने का एक कारण माना जाता है।

# देश के दशहरे



दशहरा यानी बुराई पर सच्चाई की जीत का दिन। विजय दशमी के रूप में मनाए जाने वाले इस त्योहार को देश के अलग-अलग हिस्सों में अलग-अलग तरीकों से मनाया जाता है। जानते हैं, देश के ऐसे ही खास दशहरों के बारे में।

## मैसूर

### महिषासुर वध का प्रतीक है यह उत्सव



मैसूर का दशहरा पूरी दुनिया में मशहूर है। ऐतिहासिक रूप से महत्वपूर्ण होने के साथ-साथ इस पर्व के दौरान कला और संस्कृति का अद्भुत नजारा देखने को मिलता है। दशहरा उत्सव की शुरुआत में मैसूर में चामुंडी पहाड़ियों पर विराजमान देवी चामुंडेश्वरी के मंदिर में विशेष पूजा की जाती है। इस उत्सव में मैसूर महल को रोशनी से सजाया जाता है। जयमोहन पैलेस, जयलक्ष्मी विलास और ललिता महल को भी आकर्षक रूप से सजाया जाता है। यह त्योहार पारंपरिक उत्साह के साथ दस दिन तक मनाया जाता है। यह उत्सव चामुंडेश्वरी देवी द्वारा महिषासुर के वध का प्रतीक है। आखिरी दिन जंबो सवारी आयोजित की जाती है। यह सवारी मैसूर महल से प्रारंभ होती है। इसमें कई हाथी एक साथ शोभायात्रा के रूप में चलते हैं। लोग इन पर फूलों की बारिश करते हैं। यह सवारी बन्नीमंडप पहुँचकर समाप्त होती है। पर्व के दौरान मैसूर महल के सामने मैदान में प्रदर्शनी का भी आयोजन किया जाता है।

## कुल्लू

### 1000 देवता आते हैं पृथ्वी पर

हिमाचल प्रदेश के कुल्लू का दशहरा अपनी एक अलग ही पहचान रखता है। यहां दशहरा सात दिन का त्योहार होता है। जब पूरा देश दशहरा मना चुका होता है, तब कुल्लू में दशहरा शुरू होता है। 



आश्विन महीने की दसवीं तारीख से यह त्योहार शुरू होता है। इसे कुल्लू में दशमी कहा जाता है। महिलाएं और पुरुष सज-धजकर तुरही, बिगुल, ढोल, नगाड़े, बांसुरी आदि वाद्य यंत्र लेकर बाहर निकलते हैं। लोग अपने देवताओं की शोभायात्रा निकाल कर पूजन करते हैं। देवताओं की मूर्तियों को बहुत ही आकर्षक पालकी में सुंदर ढंग से सजाया जाता है। साथ ही वे अपने मुख्य देवता रघुनाथजी की भी पूजा करते हैं। इस जुलूस में प्रशिक्षित नर्तक नृत्य करते हैं। नगर के मुख्य भागों से होते हुए शोभायात्रा नगर परिक्रमा करती है और कुल्लू में देवता रघुनाथजी की वंदना से दशहरे के उत्सव का आरंभ होता है। देश के बाकी हिस्सों की तरह यहां दशहरा रावण, मेघनाथ और कुंभकर्ण के पुतलों का दहन करके नहीं मनाया जाता। यह उत्सव हिमाचल के लोगों की संस्कृति और धार्मिक आस्था का प्रतीक है। लोगों का मानना है कि करीब 1000 देवी-देवता इस अवसर पर पृथ्वी पर आकर इसमें शामिल होते हैं।

**कोटा** का दशहरा मेला लगभग 25 दिन तक चलता है। कहा जाता है कि यहां दशहरे की परंपरा महाराज उम्मेदसिंह (द्वितीय) के शासनकाल में 1893 में शुरू हुई थी।

## बस्तर

### 75 दिन चलता है यह पर्व



बस्तर में दशहरे को मां दंतेश्वरी की आराधना के लिए समर्पित पर्व के तौर पर मनाया जाता है।

दंतेश्वरी माता दुर्गा का ही रूप हैं। यहां दशहरा श्रावण मास की अमावस्या से आश्विन मास की शुक्ल त्रयोदशी तक पूरे 75 दिन तक चलता है। बस्तर दशहरा अलग-अलग 12 रस्मों को लेकर मनाया जाता है। इसमें पाटा यात्रा और स्तंभारोपण पहली रस्म है। दो माह पहले अमावस्या के दिन दशहरा रथ के लिए जंगल से लकड़ी का लट्ठा लाकर सिंह द्वार के पास रख देते हैं और परम्परानुसार उसकी पूजा की जाती है। पहले दिन समारोह शुरू करने के लिए देवी से अनुमति ली जाती है। इसमें देवी एक कांटों की सेज पर बैठी होती हैं, जिसे काछिन गादि कहा जाता है। इसके बाद जोग बिठाई होती है। इसके बाद भीतर रैनी (विजयदशमी) और बाहर रैनी (रथ यात्रा) होती है। जो अन्य रस्में दशहरा पर्व से जुड़ी हैं उसमें फूल रथ की परिक्रमा, निशा यात्रा, मावली परघाव खास हैं। आखिर में मुरिया दरबार होता है। इस पर्व का समापन ओहाड़ी पर्व के साथ होता है।




# श्री माहेश्वरी डायग्नोस्टिक सेन्टर

(श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर द्वारा संचालित)

पी-10ए, सेक्टर 2, उत्सव भवन के पास, विद्याधर नगर, जयपुर-302039 • फोन : 0141-2230511, 6376409567

**समय : प्रातः 8 बजे से सायं 6 बजे तक**
**(सोमवार से शनिवार)**
**प्रातः 8 बजे से सायं 3 बजे तक (रविवार)**

**आधुनिक मशीनों एवं उपकरणों द्वारा जाँचें**

**सोनोग्राफी**
प्रातः 9:30 से
दोपहर 1 बजे तक

सोनोग्राफी के लिए रजिस्ट्रेशन सुबह 8 बजे से शुरु हो जाता है।

**SONOGRAPHY 400/- • DIGITAL X-RAY 150/- • 2D-EHCO 1000/-**

**जाँचें बहुत किफायती दरों पर की जाती हैं एवं रिपोर्ट व्हाट्सएप नं. 9649044777 से भेजी जाती हैं।**
**नोट : सैम्पल कलेक्शन की सुविधा भी उपलब्ध है (शुल्क अतिरिक्त)**

## कलर सोनोग्राफी की सुविधा उपलब्ध

### PREVENTIVE HEALTH CHECKUP (खाली पेट)

Special Price ₹2500/-

- CBC
- Lipid Profile
- Fasting Blood Sugar
- Post Prandial Blood Sugar
- Blood Urea
- Creatinine
- Vitamin D-3
- Vitamin B-12
- T3, T4, TSH
- Lever Function Test
- HbA1C
- ESR
- Calcium
- Urine Routine
- PSA (Male) PRL (Female)

### CARDIO DIABETES PACKAGE (खाली पेट)

Special Price ₹700/-

- CBC
- FASTING BLOOD SUGAR
- POST PARANDIAL BLOOD SUGAR
- CREATININE
- SGOT
- SGPT
- HbA1C
- LIPID PROFILE
- URINE ROUTINE

### THYROID CHECKUP

Special Price ₹270/-

- Complete Blood Counts
- Thyroid Function Test

| | |
|---|---|
| Blood Sugar 30/- | PSA 220/- |
| Urine R/E 40/- | Calcium 50/- |
| CRP 100/- | CBC 100/- |
| Uric Acid 50/- | Hb A1C 200/- |
| E.C.G. 60/- | Creatinine 40/- |
| Thyroid Profile 200/- | D-Dimer 500/- |
| Liver Function 200/- | RFT 400/- |
| Lipid Profile 250/- | Vitamin D-3 750/- |

BLACK SHADOW #9571604949

## श्री माहेश्वरी डायग्नोस्टिक सेन्टर (ब्लड कलेक्शन सेन्टर)

(श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर द्वारा संचालित)

स्थान : 87, सरतीनगर, जनपथ, डेयरी के पास, श्यामनगर, जयपुर • फोन : 0141-4924112, 9414074134

समय : प्रातः 8 बजे से सायं 4 बजे तक (सोमवार से शनिवार) प्रातः 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक (रविवार)

### अन्तिम यात्रा की पवित्र भूमि

# सर्वधर्म मोक्षधाम-चांदपोल

## के नवीनीकरण, विकास एवं नियमित संचालन योजना का शुभारंभ



पंचशीला पूजन करते हुए अतिथिगण एवं समाज पदाधिकारी

श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर के तत्वावधान में सर्व धर्म मोक्षधाम चांदपोल के नवीनीकरण विकास एवं नियमित संचालन योजना का शुभारंभ किया गया। राजस्थान सरकार द्वारा इसके लिए मोक्ष धाम परिसर में 4479 वर्ग मीटर भूमि श्री माहेश्वरी समाज को प्रदान की गई। श्री माहेश्वरी समाज और सरकार मिलकर इसका विकास करेंगे। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री, श्री प्रताप सिंह जी खाचरियावास ने कहा कि श्री माहेश्वरी समाज ने ऐसे काम को हाथ में लिया है जिस पर किसी का ध्यान नहीं जाता। आजादी के बाद पहली बार किसी ने चांदपोल मोक्षधाम के नवीनीकरण पर ध्यान दिया है। खाचरियावास ने यहां विद्युत शवदाह गृह बनाने पर सहायता करने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि किशनपोल विधायक श्री अमीन कागजी जी ने कहा कि माहेश्वरी समाज द्वारा किया जाने वाला यह काम दूसरों के लिए प्रेरणा स्त्रोत बनेगा। यह बहुत बड़ा एवं कठिन काम है। कोरोना वायरस में चुनौतियां ही चुनौतियां थीं, श्मशान गृहों में अंत्येष्टि के लिए जगह नहीं बची थी कागजी जी ने कहा कि सरकार इस काम में पूरा सहयोग करेगी। माहेश्वरी समाज जयपुर के अध्यक्ष प्रदीप बाहेती ने बताया कि इस योजना के तहत 5 दाह संस्कार स्थल, दो हॉल, मंदिर, विश्रांति स्थल, अस्थि संग्रह केन्द्र, पेयजल सुविधा एवं अन्य आधुनिक सुविधाओं के साथ काम प्रस्तावित हैं। जिसे आने वाले 4 माह में आमजन के लिए तैयार करवाने का पूरा प्रयास रहेगा। इससे पूर्व समाज के पूर्व अध्यक्ष और संरक्षक श्री आर डी बाहेती ने नवीनीकरण स्थल का भूमि पूजन किया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में समाज की ओर से प्रमुख समाज सेवी नटवर गोपाल मालपानी एवं अतिथि के रूप में समाज संरक्षक ज्योति कुमार जी माहेश्वरी मौजूद थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जयपुर हेरिटेज महापौर श्रीमती मुनेश गुर्जर जी ने की। मोक्षधाम समिति के अध्यक्ष व पार्षद मनोज मुदगल जी, वार्ड क्रमांक 55 के पार्षद जितेंद्र कुमार लखवानी जी, उपायुक्त श्री सोहन राम जी चौधरी भी कार्यक्रम में उपस्थित थे। समाज महामंत्री गोपाल लाल मालपानी ने बताया कि इस अवसर पर पर्यावरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पौधे भी रोपित किये गये हैं।



इन्दौर निवासी श्रीमती सीमा-राजीव जी मुच्छाल ने भी समारोह में भाग लिया एवं माहेश्वरी समाज, जयपुर की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए इस जनहित योजना में जल व्यवस्था के लिए बोरिंग हेतु 2 लाख रुपये का आर्थिक सहयोग देने की घोषणा की। इन्हें सम्मानित करते हुए किशनपोल विधायक श्री अमीन कागजी।

# सर्वधर्म मोक्षधाम–चांदपोल में होने वाले नवीनीकरण एवं विकास कार्य एक नजर में....

**4475**

वर्गमीटर में

- आधुनिक सुविधाएँ
- आध्यात्मिक वातावरण
- पर्यावरणयुक्त

**मोक्षधाम**






राजस्थान सरकार के केबीनेट मंत्री श्री प्रतापसिंह खाचरियावास उद्बोधन देते हुए

## सर्वधर्म मोक्षधाम-चांदपोल के जीर्णोद्धार हेतु आर्थिक सहयोग प्रदान करने हेतु आभार...

श्री माहेश्वरी समाज जयपुर उन सभी दानदाताओं का हार्दिक आभार व अभिनंदन करता है, जिन्होंने इस प्रकल्प हेतु अपना आर्थिक सहयोग प्रदान किया है।

| नाम | राशि |
|---|---|
| श्री आर.डी. बाहेती जी (समाज संरक्षक) | 25,00,000.00 |
| श्री नटवर गोपाल जी मालपानी | 16,00,000.00 |
| श्री ज्योति जी माहेश्वरी (समाज संरक्षक) | 15,00,000.00 |
| श्री बजरंग जी बाहेती | 5,00,000.00 |
| श्री उमेश जी सोनी | 2,00,000.00 |
| श्री राजीव जी मुच्छाल (इन्दौर) | 2,00,000.00 |
| श्री बैणी गोपाल जी मंत्री (गणगौर-आटा बेसन) | |
| स्व. श्री हनुमानदास-श्यामादेवी मंत्री की स्मृति में | 1,00,000.00 |
| श्रीमती कान्ता देवी साबू | 1,00,000.00 |
| (स्व. श्री गोवर्धन दास जी साबू की स्मृति में) | |
| श्री राजीव जी बियानी | 1,00,000.00 |
| श्री मनोहर जी सारड़ा | 1,00,000.00 |
| श्री प्रभु जी मांधना | 1,00,000.00 |
| श्री श्याम सुन्दर जी भूतड़ा | 1,00,000.00 |
| श्री राधाकिशन जी मालपानी | 1,00,000.00 |
| श्री जगदीश प्रसाद जी बियानी | 1,00,000.00 |
| श्री सत्यनारायण जी सोमानी | 1,00,000.00 |
| श्री सुशील जी काबरा | 1,00,000.00 |
| श्री मुरलीधर जी, रवि जी राठी | 1,00,000.00 |
| श्री श्याम जी राठी, (बीकानेर) | 1,00,000.00 |
| श्री दिनेश जी पोरवाल | 1,00,000.00 |
| श्रीमती प्रीति जी बाहेती | 1,00,000.00 |
| श्री विवेक जी लढ्ढा | 1,00,000.00 |
| श्री ललित जी मोहता की स्मृति में | 1,00,000.00 |

**आपकी सहयोग राशि आयकर अधिनियम की धारा 80 जी में छूट के लिए मान्य होगी।**

उपरोक्त योजना की लागत लगभग 2.50 करोड़ रूपये होगी। इस पुनीत कार्य में अधिक से अधिक सहयोग राशि देकर आप भी भागीदार बन सकते हैं।

कृपया सहयोग जारी रखें।



### मोक्षधाम योजना क्रियान्वयन हेतु

## भवन निर्माण समिति

श्री सुशील कुमार काबरा - चैयरमेन, भवन निर्माण समिति,
श्री प्रमोद हुरकट - चैयरमेन अर्थ, भवन निर्माण समिति
श्री तेजकरण चौधरी - सचिव, भवन निर्माण समिति,
श्री बैणी प्रसाद कचौलिया - कोषाध्यक्ष, भवन निर्माण समिति


सदस्यगण

सर्वश्री हरीश लखोटिया, माधो सोमानी, दामोदर लोहिया, विष्णु काबरा एवं विकास मोहता।

**D.P. Biyani**
**(M) 9414042208**

# J B Jewellers

## The Name of Divine Jewellery



**Deals in :** Mfg. & Wholesaler of
Hallmark & Certified
Diamond Jewellery.
Available Certified Diamonds
& Certified Precious Stones.






***Note:- Also Deals in***
***Kundan Meena Jewellery***

SIDDHI

**329. F-5, Lalaniyon Ka Chowk, Gopal Ji Ka Rasta, Johari Bazar, Jaipur- 302003**
**(O) 0141-2560108,(M) 9309073839 E-Mail : jbjewellersjaipur@gmail.com**



प्रदीप बाहेती
अध्यक्ष



नटवर लाल अजमेरा
महासचिव शिक्षा

Sanskriti Pre Primary School

# एमपीएस संस्कृति, तुलसी मार्ग, बनीपार्क

हेल्दी फूड लेने से एनर्जी और हारमोन का संतुलन बना रहता है। अक्सर हम रोज की डाईट में कितना न्यूट्रिशन ले रहे हैं। इस बात पर ध्यान नहीं देते हैं। हेल्दी रहने के लिए व वजन को नियंत्रित करने हेतु नियमित रूप से हेल्दी डाईट लेना हमारी सेहत के लिए जरूरी है।

## अगस्त- थीम, कलर, शेप, सीन

अगस्त माह की थीम : Food and Nutrition , कलर ग्रीन, शेप Rectangle तथा Rainy सीजन रहे।

## फल और सब्जी के संग इन्द्रधनुष के रंग

बच्चों से इस दिन विभिन्न कलर्स के फ्रूट्स और वेजिटेबल को कट करके रेनबो स्टिक बनवाई गई । जिससे बच्चों को रेनबो कलर्स की जानकारी मिली तथा सभी सब्जियों और फलों के कलर की पहचान करवाई गई। बच्चों को फल और सब्जियां खाने के फायदे बताए गए।

## Show and Tell Spot light Activity

बच्चों की पब्लिक स्पीकिंग को विकसित करने के लिए स्पॉटलाइट एक्टिविटी करवाई गई। जिसमें बच्चों को अपने favourite fruit के बारे में दो से चार पंक्तिया बोलने को कहा गया। सभी बच्चों ने इस एक्टिविटी मे उत्साह से भाग लिया।

## 75वां स्वाधीनता समारोह, 'अमृत महोत्सव'

15 अगस्त को संस्कृति परिसर में स्वतंत्रता दिवस बहुत ही सादगीपूर्ण तरीके से मनाया गया। प्रतिष्ठित समाज सेवी, व्यवसायी श्री राजेश काबरा इस समारोह के मुख्य अतिथि थे। संस्कृति सचिव श्री संजय काबरा तथा भवन सचिव श्री गिरधर झंवर ने मुख्य अथिति को साफा पहनाकर व पुष्प देकर उनका सम्मान किया।



इस अवसर पर श्री ब्रजमोहन बाहेती, श्री अशोक खटोड, समाज उपाध्यक्ष श्री नथमल मालू तथा संस्कृति कमेटी के सदस्य श्री नवनीत आगीवाल, श्री मनीष गगरानी, श्री दीपक मालपानी, श्रीमती अल्का माहेश्वरी व श्रीमती बिमला मालपानी



उपस्थित रहे। श्रीमती भावना भाटिया (प्रधानाध्यापिका) संस्कृति ने सभी अतिथियों का धन्यवाद प्रस्तुत किया।

इस अमृत महोत्सव पर "Plantation Drive" को निरंतर सुचारु रूप से चलाते हुए 450 पौधों का वितरण श्री संजय काबरा (सचिव mps Sanskriti व conveynor plantation drive के दिशा-निर्देश अनुसार जवाहर नगर mps स्कूल प्रांगण मे किया गया। इस तरह कुल अब तक 3000 पौधों का पौधारोपण संजय जी काबरा व उनकी टीम द्वारा पूर्ण किया गया।



## भाई-बहिन के प्यार का उत्सव



21 अगस्त 2021 को राखी उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर बच्चे अपने भाई-बहिन के साथ वर्चुअल सेलीब्रेशन मे बैठे तथा एक-दूसरे को राखी बांधकर एंजॉय किया।

## Healthy Habits Story Session

बच्चों को हेल्दी फूड खाने ओर जंक फूड से दूरी बनाए रखने के लिए 'स्टोरी सेशन' लिया गया। जिसमें रुचिकर कहानी द्वारा बच्चों को हेल्दी फूड के लाभ तथा जंक फूड से होने वाले नुकसान के बारे में बताया गया।

इस तरह अगस्त माह राष्ट्रीय और धार्मिक त्योहारों से परिपूर्ण रहा।

# दी एज्यूकेशन कमेटी ऑव् दी माहेश्वरी समाज (सोसायटी) जयपुर

## माहेश्वरी गर्ल्स पी.जी. कॉलेज, प्रताप नगर

### माहेश्वरी कॉलेज में सत्र 2021-22 हेतु प्रवेश एवं ऑनलाइन कक्षाएं प्रारम्भ

माहेश्वरी कॉलेज के द्वारा स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में नवीन सत्र 2021-22 के लिए प्रवेश एवं ऑनलाइन कक्षाएं प्रारम्भ कर दी गई हैं। माहेश्वरी कॉलेज के द्वारा सत्र 2021-22 से डिप्लोमा कोर्स NTT एवं व्यवसायोन्मुख एवं कौशल विकास के सर्टिफिकेट कोर्सेस भी शुरू किए गए हैं। कोरोना महामारी को ध्यान में रखते हुए, सभी पाठ्यक्रमों को विश्वविद्यालय एवं राज्य सरकार के निर्देशानुसार संचालित किया जा रहा हैं।

### प्रतिभा सम्मान समारोह' अभिनन्दन 'का आयोजन

कॉलेज में प्रतिभा सम्मान समारोह 'अभिनन्दन' का आयोजन 29 जुलाई 2021 से निरंतर आयोजित किया जा रहा है, जिसमें दी एजुकेशन कमेटी ऑव दी माहेश्वरी समाज द्वारा संचालित MBV चौड़ा रास्ता, MHS तिलक नगर, MPS इंटरनेशनल तिलक नगर, MGPS विद्याधर नगर, MPS प्रताप नगर के साथ प्रताप नगर स्थित विभिन्न स्कूलों जिसमें न्यू सनब्राइट, रॉयल इंटरनेशनल, ऑक्सफोर्ड इंटरनेशनल, दुर्गा पब्लिक, विकास विद्या निकेतन, टैगोर भारती, ज्ञानेश्वर पब्लिक, सरस्वती विद्या मंदिर, ज्ञान ज्योति, आर.एन.आई., वीर प्रताप, श्रीजी, उत्कर्ष, के डी पब्लिक स्कूल, दी डेली पब्लिक स्कूल, रिया इंटरनेशनल, आभा मॉडल स्कूल, गीतांजलि स्कूल की छात्राओं का 12वीं में उनकी उल्लेखनीय सफलता के लिए सम्मान किया गया। इस अवसर पर कॉलेज की प्राचार्य प्रो. (डॉ.) शुभा शर्मा ने छात्रों को व्यक्तित्व विकास के विभिन्न पहलुओं, को बताते हुए उन्हें अपने 'स्व को जानकर कॅरियर' की पहचान करने का मार्गदर्शन दिया। कार्यक्रम समन्वयक डॉ. मधुगुप्ता ने बताया कि 29 जुलाई 2021 से निरंतर चल रहे प्रतिभा सम्मान समारोह में अब तक कक्षा 12वीं पास करने वाली विभिन्न स्कूलों की 1345 छात्राओं को ट्राफी के साथ आरोग्यवर्धक तुलसी पौध भेंट कर अभिनंदित किया जा चुका हैं।





इस अवसर पर महाविद्यालय प्रबंधन के चेयरमैन प्रदीप बाहेती, महासचिव श्री नटवरलाल अजमेरा, मानद सचिव श्री कैलाश चंद अजमेरा, भवनमंत्री श्री सुनील मालपानी ने छात्राओं को ऑनलाइन बधाई संदेश दिया।

### माहेश्वरी कॉलेज के प्रोस्पेक्टस का हुआ विमोचन



12 अगस्त को कॉलेज के प्रोस्पेक्टस का विमोचन दी एजुकेशन कमेटी ऑव दी माहेश्वरी समाज जयपुर के चेयरमैन श्री प्रदीप बाहेती के कर कमलों से हुआ। इस अवसर पर समाज के अन्य गणमान्य पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।

### स्वतंत्रता दिवस समारोह-15 अगस्त 2021

रविवार, 15 अगस्त 2021 को कॉलेज में 75वां स्वतंत्रता दिवस समारोह राष्ट्रगीत एवं झंडारोहण के साथ पूर्ण उमंग, उल्लास एवं उत्साह पूर्वक मनाया गया। समारोह में मुख्य अतिथि श्री मनोज माहेश्वरी, सी.एस. ने अपने उद्बोधन में स्वतंत्रता दिवस के महत्त्व बताया। महाविद्यालय के मानद सचिव श्री कैलाश अजमेरा ने स्वतंत्रता संग्राम में क्रांतिकारी वीरांगनाओं के योगदान को नमन किया। प्राचार्य प्रो. डॉ. शुभा शर्मा ने स्वतंत्रता दिवस समारोह की थीम 'नेशन फर्स्ट-ऑलवेज फर्स्ट' पर अपने विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में महाविद्यालय के भवन मंत्री श्री सुनील मालपानी, हॉस्टल संयोजक श्री सांवरमल परवाल, समस्त संकाय सदस्य एवं छात्राएं उपस्थित रहे।

### नर्सरी टीचर ट्रेनिंग में डिप्लोमा कोर्स का दो दिवसीय ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन

कॉलेज में 17 व 18 अगस्त को नर्सरी टीचर ट्रेनिंग में डिप्लोमा कोर्स का तथा प्रारम्भिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा (ईसीसीई) सर्टिफिकेट कोर्स का दो दिवसीय ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया । इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि राजस्थान विश्वविद्यालय की शिक्षाशास्त्र विभाग की डीन डॉ. प्रमिला दुबे ने नवीन शिक्षा नीति के संदर्भ में इस प्रकार के कोर्स के लिए कॉलेज की प्रबंधन की सराहना की। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती शेफाली मेंदीरत्ता तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ. सुधा सक्सेना द्वारा दिया गया।

### एलीमेंट्री फ्रेंच लेंग्वेज सर्टिफिकेट कोर्स का शुभारंभ

कॉलेज में 21अगस्त 2021 को फ्रेंच भाषा सर्टिफिकेट कोर्स का शुभारंभ किया गया। उद्घाटन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. निधि रायसिंघानी, सहायक प्रोफेसर फ्रेंच भाषा विभाग राजस्थान विश्वविद्यालय, ने छात्राओ को संबोधित करते हुए कहा कि आज छात्राओं को यदि आगे बढ़ना है और सफलता प्राप्त करनी है, तो उन्हें अपने ज्ञान एवं कौशल में वृद्धि करनी होगी। फ्रेंच भाषा के ज्ञान से छात्राओं को न सिर्फ भारत में, बल्कि विदेश में भी जॉब और स्वयं के व्यवसाय को विकसित करने में मदद मिलेगी।



## एमपीएस, जवाहरनगर के इंटरेक्ट क्लब, 2021-22 का नवगठन व शपथग्रहण समारोह

माहेश्वरी पब्लिक स्कूल, जवाहर नगर में 6 अगस्त को इंटरेक्ट क्लब, 2021-22 का नवगठन व शपथग्रहण समारोह कार्यक्रम वर्चुअल संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रोटेरियन श्री मोजेज फिलेमन का स्वागत विद्यालय के प्राचार्य अशोक वैद एवं प्राथमिक प्रभारी श्रीमती रीटा खुराना ने किया। इंटरेक्ट क्लब की प्रभारी श्रीमती मोनिका गोविल एवं श्रीमती सरिता गोदारा ने क्लब का उद्देश्य और रूपरेखा सबके समक्ष रखी। सत्र 2021- 22 के सदस्यों द्वारा शपथ ग्रहण की गई। कार्यक्रम का सफल संचालन क्लब के सचिव छात्र मधुर रावतानी ने किया। शपथ लेने वाले छात्रों में अध्यक्ष अश्विन गोविल, उपाध्यक्ष अद्विक चौधरी, सचिव मधुर रावतानी, कोषाध्यक्ष राघव शर्मा, प्रधान संपादक हार्दिक खंडेलवाल, निर्देशक प्रणव तांबी, स्वप्निल रावत, आयुष गोविल तथा नंदीश वर्मा ने शपथ ली तथा कार्यकारी सदस्य के रूप में प्रग्नेय बजाज एवं हिमांशी शर्मा ने शपथ ली।

मुख्य अतिथि श्री मोजेज फिलेमन द्वारा छात्र सदस्यों को शपथ दिलाई गई। छात्र अध्यक्ष अश्विन गोविल ने अपने क्लब का उद्देश्य जनसेवा जनार्दन सेवा बताया और प्राचार्य महोदय को अपने प्रति विश्वास प्रकट करने के लिए धन्यवाद दिया। प्राचार्य श्रीअशोक वैद ने मुख्य अतिथि का धन्यवाद ज्ञापित किया।

## विद्यालय के कार्यालय अधीक्षक श्री आशीष भार्गव को किया गया सम्मानित

विद्यालय के लिए बहुत ही गौरव का विषय रहा कि विद्यालय के कार्यालय अधीक्षक( ऑफिस सुपरिटेंडेंट) पद पर कार्यरत श्री आशीष भार्गव को उनके द्वारा विकसित किये गए स्कूल ऑटोमेशन सॉफ्टवेयर के सराहनीय कार्य के लिए ई सी एम एस के अध्यक्ष श्री प्रदीप बाहेती व महासचिव शिक्षा श्री नटवरलाल अजमेरा ने प्रशस्ति पत्र और 51, 000 की धनराशि देकर सम्मानित व पुरस्कृत किया। श्री आशीष भार्गव ने ई सी एम एस द्वारा संचालित सभी संस्थाओं के लिए एक सफल ऑटोमेशन सॉफ्टवेयर विकसित किया जिसे सभी संस्थाओं में लागू किया गया। इसी के फलस्वरूप उन्हें ECMS ने सम्मानित किया। विद्यालय के मानद सचिव श्री कमल सोमानी, भवनमंत्री श्री संजय बांगड़ एवं विद्यालय के प्राचार्य श्री अशोक वैद ने श्री आशीष भार्गव को हार्दिक शुभकामनाएँ देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## रक्तदान शिविर आयोजित

जीवनदान व जीवनरक्षा का उत्तम कार्य रक्तदान है। मानव सेवा के इसी श्रेष्ठ कार्य को साकार करते हुए 13 अगस्त 2021 को श्री माहेश्वरी समाज व माहेश्वरी पब्लिक स्कूल, जवाहर नगर के संयुक्त तत्त्वावधान में विद्यालय परिसर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर कोरोना महामारी के कारण श्री माहेश्वरी समाज व विद्यालय के छात्र-अभिभावकों की दिवंगत पुण्य आत्माओं की पावन स्मृति में आयोजित किया गया। इस अवसर पर ECMS के अध्यक्ष श्री प्रदीप बाहेती, उपाध्यक्ष शिक्षा श्री रमेश सोमानी, विद्यालय के मानद सचिव श्री कमल सोमानी, भवनमंत्री श्री संजय बांगड़, समाज व विद्यालय की प्रबंध समिति के अन्य गणमान्य सदस्य, प्राचार्य श्री अशोक वैद ने उपस्थित रहकर रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया। अध्यक्ष श्री प्रदीप बाहेती व समस्त गणमान्य पदाधिकारियों ने दिवंगत पुण्यात्माओं को भावभीनी श्रद्धांजलि दी। श्री बाहेती ने कहा कि रक्तदान मानवता की सेवा का सर्वोत्तम कार्य है। हर एक रक्तदाता जीवन रक्षक व जीवन दाता है। रक्तदान के इस शिविर में स्वयं पदाधिकारियों, समाज बंधुओं, अभिभावकों, शिक्षकों व भूतपूर्व छात्रों ने सोत्साह भाग लिया तथा श्रद्धा व समर्पण भाव से रक्तदान किया। उल्लेखनीय है कि इस रक्तदान शिविर में लगभग 81-82 यूनिट रक्त इकट्ठा हुआ

## विद्यालय में कक्षा बारहवीं के छात्रों का विदाई समारोह आयोजित

4 सितंबर 2021 को विद्यालय में कक्षा बारहवीं के छात्रों के विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्रों के साथ-साथ शिक्षक गण भी भावुक थे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुप्रसिद्ध रत्न व्यवसायी, समाजसेवी एवं विद्यालय के पूर्व छात्र श्री पुलकित चितलॉंगिया, विशिष्ट अतिथि बीइंग शेफ (Being chef) स्टार्टअप के संस्थापक एवं विद्यालय के पूर्व छात्र शुभम माहेश्वरी, फोर्ब्स द्वारा पुरस्कृत व शेडोफेक्स टेक्नोलॉजी के सहसंस्थापक, विशिष्ट अतिथि श्री वैभव खंडेलवाल के साथ ECMS के पदाधिकारीगण ने माँ सरस्वती के मंदिर में दीप प्रज्ज्वलित कर आस्था के पुष्प चढ़ाए। तक्षशिला सभागार में कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय प्रार्थना से हुई। अतिथि देवो भव की परंपरा का निर्वहन करते हुए मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि को पुष्पगुच्छ, शॉल एवं स्मृति चिह्न भेंट कर गर्मजोशी से स्वागत किया गया। छात्रों को आशीर्वाद स्वरूप श्री प्रदीप बाहेती का यही संदेश था कि अनुशासित होकर जीवन में किया जाने वाला कार्य सफलता दिलाएगा। महासचिव शिक्षा श्री अजमेरा ने कहा कि शिक्षा में संस्कार को सम्मिलित कर हमारे छात्र आगे बढ़ें। विद्यालय के मानद सचिव श्री सोमानी ने छात्रों को कर्मठता को ही ध्येय बनाने का आह्वान किया। मुख्य अतिथि ने छात्रों को आत्मनिर्भर बनने के नियम बताए एवं विशिष्ट अतिथि ने छात्रों को जीवन के पथ पर दृढ़ प्रतिज्ञ होकर आगे बढ़ने हेतु प्रेरित किया। भवन मंत्री श्री संजय बांगड़ ने भवन के मजबूत निर्माण की तरह छात्रों का जीवन भी कैसे मजबूत हो इस विषय में छात्रों का मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम में चार चाँद लगाने के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम बाँसुरी की मधुर धुन से प्रारंभ होकर, छात्रों के गीत नृत्य एवं शिक्षकगण द्वारा शुभकामना गीत से संपन्न हुआ। अंत में विद्यालय के प्राचार्य अशोक वैद ने बहुत ही भावुक होते हुए छात्रों को शुभाशीष के साथ उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और यह विश्वास दिलाया कि जब भी आपको आवश्यकता महसूस हो तो एक परिवार के सदस्य की भाँति नि:संकोच विद्यालय आएँ। शिक्षकों द्वारा बनाया गया शुभकामना कार्ड हेड ब्वॉय शान मूंदड़ा को भेंट किया गया। हेड बॉय द्वारा डेपुटी हेड बॉय को दायित्व हस्तांतरित किया गया। उसके बाद दोनों छात्र प्रतिनिधियों के उद्बोधन के साथ धन्यवाद ज्ञापित किया गया। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।

## ऐतिहासिक उपलब्धि!अद्भुत!!अप्रतिम!!!'

विद्यालय के स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स की शूटिंग अकेडमी से प्रशिक्षित शूटर 'अवनि लेखरा' ने टोक्यो पैरालंपिक में गोल्ड मेडल जीतकर हमारी संस्था एमपीएस, जवाहरनगर के स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स (शूटिंग अकेडमी) का नाम विश्व स्तर पर स्थापित कर दिया है। हमारे विद्यालय के स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में अन्तर्राष्ट्रीय स्तर की शूटिंग रेंज संचालित की जा रही है। यह अन्तर्राष्ट्रीय सुविधाओं व मानकों से युक्त स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स व शूटिंग रेंज न केवल माहेश्वरी समाज, जयपुर शहर व राजस्थान के लिए बल्कि संपूर्ण देश के लिए गर्व का विषय बन गया है।

## विद्यालय की वरिष्ठ अध्यापिका श्रीमती ( डॉ. ) वैशाली घई को मिला श्रेष्ठ शिक्षक सम्मान

विद्यालय में शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में भव्य आयोजन किया गया। तक्षशिला सभागार में उपस्थित शिक्षक वृंद के बीच कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक अमीन कागज़ी, विशिष्ट अतिथि श्री वीरेंद्र सारड़ा, सुप्रसिद्ध व्यवसायी व समाजसेवी का स्वागत किया गया। हर्ष का विषय यह था कि माहेश्वरी पब्लिक स्कूल, जवाहर नगर की रसायन शास्त्र विषय की वरिष्ठ अध्यापिका/व्याख्याता श्रीमती (डॉ.) वैशाली घई को श्रेष्ठ शिक्षक सम्मान से सम्मानित किया गया। शिक्षिका को शॉल, श्रीफल, स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया और मुख्य वक्ता पंडित विजय शंकर मेहता द्वारा शिक्षा और भूषा, शिक्षा और भोजन, शिक्षा और भाषा, शिक्षा और भजन विषय पर बहुत ही प्रभावी ढंग से व्याख्यान दिया।

## विद्यालय में एलोकेन्स (ELOQUENCE), 2021 आयोजित'

'नथिंग इज इम्पॉसिबल। संसार में कुछ भी असंभव नहीं है- यह सिद्ध किया है विद्यालय के शिक्षकों ने। विद्यालय में आयोजित एलोकेन्स (ELOQUENCE), 2021 कार्यक्रम में वैश्विक संपर्क भाषा अंग्रेजी का संवर्धन देखने को मिला, जब अंग्रेजी भाषा के शिक्षकों के अतिरिक्त अन्य सभी संकायों व विषयों के शिक्षकों ने अंग्रेजी भाषा में अनेक प्रकार के ज्ञानवर्धक व मनोरंजक साहित्यिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुतियां देकर बहुत ही आत्मविश्वास तथा उत्साह से पूर्ण अपनी सहभागिता दर्ज की। इन प्रस्तुतियों में नई शिक्षा नीति पर समूह चर्चा, अंग्रेजी प्रार्थना, समूह गीत, काव्यपाठ और आशु भाषण आदि उल्लेखनीय रहीं जिनमें शिक्षकों ने बढ़ -चढ़कर हिस्सा लिया। सबसे अधिक आकर्षक प्रस्तुति लघुनाटक था जिसने हँसी से गुदगुदाने पर विवश किया। मातृ दिवस पर माँ के महत्त्व को स्वीकार करने पर विवश करने वाली थी यह नाटिका। इस कार्यक्रम में जयपुर के कई विद्यालयों के प्राचार्यों ने शिरकत की। जिनमें श्रीमती नीरज बेनीवाल, प्राचार्य वी एस पी के इंटरनेशनल स्कूल, श्रीमती स्मिता पी मिन्हास, प्राचार्य, पोद्दार वर्ल्ड स्कूल, श्रीमती सुनयना नागपाल, प्राचार्य अल्फा इंटरनेशनल अकैडमी, श्रीमती इंदिरा सिंह, प्राचार्य वी आई टी, प्रताप नगर आदि उपस्थित थे। सभी प्राचार्यों ने शिक्षकों द्वारा दिए गए कार्यक्रम की भूरि -भूरि प्रशंसा की तथा अपने विद्यालयों में भी इसी प्रकार के कार्यक्रम आयोजित करने की इच्छा जताई। कार्यक्रम की सफलता उस समय और अधिक प्रमाणित हो गई जब विद्यालय के प्राचार्य श्री अशोक वैद ने मुक्त कंठ से सभी शिक्षकों की प्रस्तुति पर बहुत ही प्रसन्नता व्यक्त की और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। राष्ट्रगान के कार्यक्रम का समापन हुआ।

## राष्ट्रीय स्तर पर मिला प्रतिभाओं को मंच

*हर विचार पलता है मस्तिष्क के कोने में*
*और फिर रूप रंग में ढलता है।*

भारत के युवा मस्तिष्क में नए भावों और विचारों का जबरदस्त संयोग है और mgps अपनी प्रतिभा को खोजने और उसे खुला आसमान देने को कटिबद्ध। अवसर था 26 अगस्त से प्रारंभ हुई तीन दिवसीय अंतर्विद्यालयी प्रतियोगिता Xpression का। विद्यालय में ऑनलाइन माध्यम से इसका आगाज किया गया। छिपी प्रतिभा को तलाशने, तराशने और मंच प्रदान करने की नई शिक्षा नीति 2021 के प्रमुख लक्ष्य को दृष्टिगत रखते हुए इस बार प्रतियोगिता का विषय Ingenious Mind रखा गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ प्रतिभागी विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों/प्रधानाध्यापिकाओं की उपस्थिति में माहेश्वरी समाज के अध्यक्ष श्री प्रदीप बाहेती के द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में ECMS के महासचिव शिक्षा श्री नटवर लाल अजमेरा, विद्यालय के मानद सचिव श्री मुरारी लाल बिड़ला, प्रधानाचार्या डॉ सुनिता वशिष्ठ, भवन मंत्री श्री कमलेश लड्ढा ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुभ शुरुआत दीप प्रज्ज्वल से हुई। अध्यक्ष महोदय ने सभी विद्यालयों के इस समारोह में शामिल होने के प्रति आभार व्यक्त किया और कहा कि हम सभी शिक्षा के क्षेत्र में जिस नवीन चुनौती का सामना कर रहे हैं वही वास्तव में हमारी कसौटी है। प्रतिभाएं वो सितारा हैं जो कभी अस्त नहीं होता, हाँ परिस्थितियाँ उसे हमारी आँखों से ओझल जरूर कर सकती हैं। उन्होंने mgps के इस प्रयास की सराहना की और सहयोग करने के लिए सभी विद्यालयों को धन्यवाद दिया। इस अवसर पर महासचिव शिक्षा ने ऑनलाइन उपस्थित सभी महानुभावों का स्वागत करते हुए कार्यक्रम की सफलता के लिए शुभकामना दी। इस कार्यक्रम को विशेष बनाते हुए विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों/प्रधानाध्यापिकाओं ने NEP से जुड़े सवालों के जवाब दिए और इस तरह के कार्यक्रम को NEP को यथार्थ रूप देने का सफल प्रयास बताया। विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ सुनिता वशिष्ठ ने इस तरह के कार्यक्रम की सकारात्मकता चर्चा करते हुए प्रतिभागियों को हार-जीत की सोच से दूर प्रतियोगिता में भाग लेने को महत्त्वपूर्ण बताया। कार्यक्रम के शुरुआत की उद्घोषणा विद्यालय के मानद सचिव के द्वारा की गई। तीन दिवसीय इस बहुमुखी प्रतिभा खोज अभियान के प्रथम दिवस को साहित्य दिवस, द्वितीय दिवस को विज्ञान दिवस व अंतिम दिवस को वाणिज्य दिवस के रूप में प्रस्तुत किया गया, जिसके तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। विद्यालय के लिए यह बहुत गर्व का विषय रहा कि प्रत्येक प्रतियोगिता में भारत के एक छोर जम्मू-कश्मीर से लेकर दूसरे छोर तमिलनाडु तक के विद्यालयों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। सर्वाधिक अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान पर mgps विद्यालय रहा। द्वितीय स्थान पर जयश्री पेड़ीवाल हाई स्कूल और तृतीय स्थान पर कैंब्रिज कोर्ट वर्ल्ड स्कूल रहा। मेजबान स्कूल mgps ने स्वयं ट्रॉफी न ग्रहण करने की परंपरा का निर्वहन करते हुए द्वितीय स्थान पर रहे विद्यालय को रनर ट्रॉफी सौंपी। इस प्रतियोगिता में अलग-अलग प्रतियोगिता के विजेताओं को भी ट्रॉफी व प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम के अंत में उपप्रधानाचार्य श्री विवेक भार्गव के द्वारा आभार व्यक्त किया गया।



## श्रद्धांजलि स्वरूप किया 151 यूनिट रक्तदान

12 अगस्त 2021की सुबह mgps के प्रांगण के लिए खास रही। एक जोश और उत्साह का सैलाब मानो प्रांगण की तरफ ही था, मौका था कोरोना के कारण बिछड़ गए अपनों को श्रद्धांजलि देने का। ECMS की प्रेरणा से mgps व mgps की एनसीसी यूनिट ने दिवंगत पुण्यात्माओं को सच्ची श्रद्धांजलि देने के लिए रक्तदान शिविर का आयोजन विद्यालय के सभागार में कुशल चिकित्सकों और उनके सहयोगियों के निर्देशन में किया। विद्यालय के सहयोगी दिवंगत अध्यापक स्वर्गीय संदीप मित्तल, संजय देवनाथ व विद्यालय के अपने विद्यार्थियों के सम्माननीय दिवंगत अभिभावकों की पुण्य आत्माओं की याद में इस शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के मानद सचिव श्री मुरारी लाल बिड़ला, प्रधानाचार्या डॉ. सुनिता वशिष्ठ, उपप्रधानाचार्य श्री विवेक भार्गव, प्राइमरी कक्षा प्रभारी श्रीमती अमृता शर्मा, विद्यालय प्रबंध समिति के पदाधिकारीगण उपस्थित थे। विद्यालय के अध्यापक वृंद, सहयोगी स्टाफ और परिवारजनों ने अपने पूर्व सहयोगियों और परिवारजनों की याद में रक्तदान कर उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि दी।

## उठा ली है जिम्मेदारी की गागर
## कि अब वही मेरे सिर का ताज है

जिम्मेदारियों को अपना आभूषण समझने वाली mgps की छात्राएं 11 अगस्त को इन्हीं भावों से ओत-प्रोत नजर आई। विद्यालय के शिक्षा सत्र 2021-22 के लिए छात्र-कार्यकारिणी का गठन किया गया। कक्षा-12



की छात्रा पूजा सेठिया ने हेड गर्ल व कक्षा 11 की छात्रा खुशबू शर्मा ने डेप्यूटी हेड गर्ल के रूप मे शपथ ग्रहण की। कार्यक्रम का आयोजन ऑनलाइन किया गया। विद्यालय के मानद सचिव श्री मुरारी लाल बिड़ला, प्रधानाध्यापिका डॉ सुनिता वशिष्ठ ने कार्यकारिणी को लगन और मेहनत से अपनी जिम्मेदारियों के निर्वहन की सीख दी और भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

## तिरंगे की शान को सलामी

*मैं कितना भी उड़ूँ आसमां तक*
*लहराते तिरंगे की ऊँचाई मुझको छूती है।*

15 अगस्त को mgps के प्रांगण में तिरंगे को सलामी देते वक्त प्रत्येक के हृदय में यही भाव थे। अमृत महोत्सव के रूप में मनाया जा रहा 75वाँ स्वतंत्रता दिवस का कार्यक्रम विद्यालय के प्रांगण में भी हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में प्रसिद्ध समाज सेवी व प्रमुख कृषि उत्पाद व्यवसायी श्री सुरेन्द्र सोमानी ने झंडारोहण किया। विद्यालय की शिक्षिकाओं ने अपने देशप्रेम को गान के माध्यम से प्रस्तुत कर वातावरण को जोश से भर दिया। इस अवसर पर विद्यालय के मानद सचिव श्री मुरारीलाल बिड़ला, समाज के गणमान्य सदस्यगण, विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्य, भवन मंत्री श्री कमलेश लड्ढा, प्रधानाचार्या डॉ सुनिता वशिष्ठ व विद्यालय के अध्यापक वृंद उपस्थित थे। मानद सचिव ने मुख्य अतिथि का स्वागत पुष्पहार से किया गया। अपने स्वागत उद्बोधन में सचिव ने आजादी के नवीन संदर्भों को बताते हुए विद्यालयी स्तर से ही आजादी की नवीन परिभाषा की रचना पर जोर दिया। कर्यक्रम के मुख्य अतिथि ने सामाजिक सरोकारों से जुड़ने को ही स्वतंत्रता की सही अभिव्यक्ति कहा और सभी को प्रेरित किया कि वे आगे बढ़ कर समाज से जुड़ें। कार्यक्रम की स्मृतियों को स्थायी रूप प्रदान करते हुए मुख्य अतिथि को स्मृति चिह्न भेंट किया गया। प्रधानाचार्या ने सभी सम्माननीय जनों का आभार व्यक्त किया।



## Blood Donation Camp

*'Service to humanity is practical divinity.'*

In the fond remembrance of former President, Late Shri Om Prakash Ji Dargad, other Samaj dignitaries, parents, staff and teachers who lost their lives due to COVID 19, Maheshwari Public School, Pratap Nagar, Jaipur organised a BLOOD DONATION CAMP with the joint collaboration of Shri Maheshwari Samaj, Jaipur and Shri Maheshwari Navyuvak Mandal, Jaipur on 12th August, 2021. The event was graced by the benign presence of esteemed Shri Chandra ShekharJi, State Organisation Secretary, BJP and Smt. Anuradha Maheshwari Ji,City President, BJP Mahila Morcha. A team of veteran doctors and nursing staff supervised the camp. The Blood Camp witnessed an enthusiastic participation of donors.

A total of 115units of blood were collected. The special guests and management applauded the endeavours and zealous team spirit exhibited in fulfilment of duties.



To acknowledge the noble efforts and kind gesture, a Certificate of Appreciation and gift were awarded to the donors as a token of gratitude.



## Independence Day

The 75th Independence Day was celebrated by The Education Committee of the Maheshwari Samaj with great gaiety and patriotic fervour based on the theme 'Jai Bharat, Jai Bharati-Transforming India' at Takshila auditorium, MPS Jawahar Nagar. Live streaming of the programme was viewed by students and parents virtually on Facebook and YouTube. The event was adorned by the gracious presence of distinguished Chief Guest, Shri P.C. Parwal, F.C.A alongwith the revered dignitaries of the ECMS.

The President of the Education Committee of the Maheshwari Samaj, Shri Pradeep Baheti accorded a warm welcome to the eminent guests. Shri Natwar Lal Ajmera, General Secretary, Education, ECMS, presented the annual report on the phenomenal achievements and announced the upcoming development plans of the ECMS.

The distinguished Chief Guest Shri P.C. Parwal, F.C.A. emanated the true connotation of patriotism in his address. Manifesting the spirit of 'गर्वितभारत, पुलकितभारत, प्रफुल्लितभारत' the multifaceted educators from all the sister concerns presented a patriotic extravaganza, streaming the diverse hues of unity, integrity, pride and fervour. On this special occasion, two alumnae of Maheshwari Balika Vidyalaya, Chaura Rasta, who have been selected in the RAS examination, were felicitated by the ECMS.




In the same sequence of respect, school Principals were also honoured for organizing blood donation camps in association with Maheshwari Mahila Mandal and Shri Maheshwari Navayuvak Mandal in the memory of former president, Late Shri Omprakash ji Dargad. Shri Mukesh Rathi, Honorary Secretary, mpspn proposed vote of thanks. The entire program was coordinated and conducted by Maheshwari Public School, Pratap Nagar.





## Rakshabandhan– A phenomenal day to reaffirm and rejuvenate the bond of love and affection.

Living up the spirit of affinity, bonding and unconditional love, Rakshabandhan was virtually celebrated at mpspn. Imbibing the feelings of responsibility towards our environment, the teachers tied Raksha Sutra to the trees planted in the school premises and promised to nurture their relationship with them. An exhilarating video elucidating the genuine warmth of the festival was shared in the class group of classes 1 to 5.

## Sports Day

On August 29,2021, mpspn celebrated the National Sports Day, accentuating the need to stay fit and healthy. The day marks the birth anniversary of hockey wizard, Major Dhyan Chand. On this occasion a wide array of activities viz. a physical fitness drive of 21 days on cycling, jogging , yoga, skipping and sports quiz were organized with an intent to promote awareness towards health and fitness. Students were motivated to vow to make sports an essential part of their lives. Moreover, videos on 'Khelo India' theme were circulated in class groups.

## Janmashtami ( कृष्ण जन्मोत्सव )

*कल्पना से परे, अद्भुत उनका रूप*
*जैसी जिसकी भावना, वैसा धरा स्वरूप।*

Janmashtami signifies euphoria and joyous spirit of enthrallment. MpsPratap Nagar organised a virtual celebration of Janmashtami hosting the traditional festivities which flowered into grand success owing to zealous participation of students. Decked up as Radha and Krishna, the students of Primary Wing presented spellbinding dance performance, poems and short speeches.Moreover tiny tots of class 3 Angel Gurjar and Advikabrought laurels to the institution by bagging prizes in 'Radha Krishna Fancy Dress Competition- KaunBanega Krishna' organised by Credent TV.

## AISSE RESULT, 2021

***"Be a beacon of light and spread the aroma of your incessant endeavours."***

Students of class 10th Urvi Veerman (99%), Nimisha Saraswat (98.60%) and Suhani (98.40%) raised our heads high with their incredible performance in AISSE 20-21. The joint efforts of the mentors and students produced a centum result. Heartiest congratulations to all the achievers. Subject Toppers

In the voyage of discovery of excellence Hardik Israni made his mark by securing 31st position in the prestigious IPM 2021. The entire mpspn family wishes him all the best for a sparkling future.

### Overall Result

| Subject | Marks Scored | No. of Students |
|---|---|---|
| SANSKRIT | 100 | 07 |
| MATHS | 100 | 03 |
| IT | 100 | 03 |
| SCIENCE | 100 | 02 |
| S.ST | 100 | 02 |
| ENGLISH | 98 | 03 |
| HINDI | 98 | 03 |

| Percentage Without FIT | No. of Students |
|---|---|
| > 90 | 101 |
| 80-89 | 99 |
| 70-79 | 71 |
| 60-69 | 39 |
| 54-59 | 09 |




## Glorious Achievements in Inter School Competitions

Under the Inter School Competition, organised by Shri Maheshwari Senior Secondary School, Tilak Nagar, the students gratified the school grandeur by their magnificent performance.

Jhanvi Gattani of class 11 secured 1st position in 'Solo Bhajan' singing competition.

Hridya Sharma of class 11 bagged 1st position in 'Poster Making Competition'.

Sanika Sharma of class 12 secured 3rd position in 'English Debate.'

Jihan Mathur of class 8 secured 3rd position in 'Janmasthmi Ekal Abinay'.

## दी एज्यूकेशन कमेटी ऑव् दी माहेश्वरी समाज (सोसायटी) जयपुर

# एम.पी.एस. इंटरनेशनल, भाभा मार्ग, तिलक नगर

### विद्यालय में लगा महारक्तदान शिविर

श्री माहेश्वरी समाज जयपुर द्वारा एम.पी.एस. इन्टरनेशनल में भूतपूर्व समाज अध्यक्ष श्री ओमप्रकाश जी दरगड़ व कोरोनाकाल में बिछुड़े स्वजनों को श्रद्धांजलि अर्पित करने हेतु महारक्तदान शिविर का आयोजन रखा गया। विद्यालय स्टाफ, शिक्षकगण व अभिभावकों ने रक्तदान किया। माहेश्वरी समाज के अध्यक्ष श्री प्रदीप बाहेती ने रक्तदान को एक पुनीत कार्य बताते हुए सभी रक्तदाताओं को प्रमाण-पत्र व उपहार देते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। विद्यालय सचिव श्री निर्मल दरगड़ व प्राचार्या श्रीमती अर्चना सिंह ने कहा कि रक्तदान महादान है। हमारे द्वारा किया गया रक्तदान कई जिंदगियों को बचाता है अत: हमें रक्तदान अवश्य करना चाहिए। शिविर संचालक श्री अतुल लोहिया व अमित अजमेरा ने शिविर के सफल संचालन के लिए सभी को बधाई प्रेषित की।



### आयोजन जश्न-ए-आज़ादी का

एम.पी.एस. इन्टरनेशनल में आज़ादी की 75 वीं वर्षगाँठ को 'अमृत महोत्सव' के रूप में धूमधाम से मनाया गया। स्वतंत्रता दिवस के इस पावन अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि इलेक्ट्रॉलाइट्स प्राइवेट लिमिटेड के सी.एम.डी एवं उद्यमी श्री अनिल साबू के साथ विद्यालय सचिव श्री निर्मल दरगड़, एम.एम.सी. मैम्बर्स व प्राचार्या श्रीमती अर्चना सिंह ने तिरंगा फहराकर कार्यक्रम की शुरूआत की। संगीत विभाग द्वारा सामूहिक देशभक्ति गीत 'जहाँ डाल-डाल पर सोने की चिड़िया' व 'वंदे मातरम्' प्रस्तुत किया गया व शिक्षिका पूनम परनामी द्वारा 'यूँ ही नहीं मिली आज़ादी' कविता की मनमोहक प्रस्तुति दी गई। अंत में प्राचार्या ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि तिरंगे की फ़िज़ाओं में आज भी शहीदों की महक बाकी है जो हमें देशभक्ति व देशप्रेम के भावों से सदा ऊर्जस्वित करती रहती है।









### स्नेह का अनमोल बंधन राखी

विद्यालय में भाई-बहन की पवित्रता का प्रतीक रक्षाबंधन त्योहार मनाया गया। आर्ट विभाग द्वारा कक्षा 1 से 5 तक विद्यार्थियों को राखी बनाना व थाली डेकोरेशन सिखाया गया। विद्यार्थियों ने भी नृत्य, गीत और कार्ड बनाकर अपनी भावनाओं को अभिव्यक्ति दी। सचिव श्री निर्मल दगरड व प्राचार्या श्रीमती अर्चना सिंह ने सभी को रक्षाबंधन की शुभकामनाएँ प्रेषित कीं।

### शिक्षकों के लिए अनेक गतिविधियों का आयोजन

शिक्षकों को तनावमुक्त करने , उनके उत्साहवर्धन व उनकी रचनात्मकता को बढ़ाने के लिए विद्यालय में जुंबा, खेल, योगा व मेडिटेशन का आयोजन किया गया। सभी अध्यापकों ने अपनी रुचि के अनुसार इनमें बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस अवसर पर प्राचार्या श्रीमती अर्चना सिंह ने कहा कि मानसिक रूप से स्वस्थ रहने के साथ-साथ शारीरिक रूप से स्वस्थ रहना भी आवश्यक है। तभी अध्यापक अपनी सम्पूर्ण क्षमता का प्रयोग कर प्रभावी शिक्षण कार्य करने में समर्थ हो सकेंगे।

### विद्यालय में मनाया गया 'नेशनल स्पोर्ट्स डे'

ओलंपिक विजेता मेजर ध्यानचंदजी के जन्म दिन को 'नेशनल स्पोर्ट्स डे' के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में वॉलीबॉल, बैडमिंटन व शतरंज प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। शिक्षक साथियों ने इन प्रतियोगिताओं में भाग लेकर खेल दिवस को सफल बनाया। विद्यार्थियों के लिए ऑनलाइन खेल प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता रखी गई व टोक्यो ओलंपिक में भारतीय खिलाड़ियों के बेहतर प्रदर्शन से संबंधित वीडियो भेजकर मेजर ध्यानचंद को भावभीनी श्रद्धाजंलि दी।

### विद्यालय में शपथ-ग्रहण समारोह

विद्यालय में विद्यार्थी परिषद शपथ-ग्रहण समारोह का ऑनलाइन कार्यक्रम आयोजित किया गया। ई.सी.एम.एस. अध्यक्ष श्री प्रदीप बाहेती ने अपने उद्बोधन में कहा कि 'विद्यार्थी परिषद् के माध्यम से एक ऐसा मंच मिलता है जहाँ विद्यार्थी अपनी नेतृत्व क्षमता का विकास कर सकते है। महासचिव शिक्षा श्री नटवर लाल अजमेरा ने सभी नव-नियुक्त पदाधिकारिकयों को अपनी मेहनत और लगन से अनुशासन में रहकर विद्यालय की गरिमा को बढ़ाने हेतु सतत प्रयास करने का आह्वान किया। विद्यालय सचिव श्री निर्मल दरगड़, एम.एम.सी. मेम्बर्स श्री अजय मालपानी, श्री अतुल लोहिया व श्रीमती शशि विजय लखोटिया के साथ प्राचार्या श्रीमती अर्चना सिंह व उप-प्राचार्या श्रीमती मंजू शर्मा ने विद्यालय के छात्र सदन वरिष्ठ वर्ग में हैड बॉय संस्कार मधुर काबरा व हैड गर्ल जियाना जेठानी तथा कनिष्ठ वर्ग में हैड बॉय भव्य मालपानी व हैड गर्ल कृशांगी मुंखी के साथ DSA, एज्यूकेशन, कम्यूनिकेशन, हैल्थ मिनिस्टर, पब्लिक वैलफेयर, कैप्टन व सभी सेक्रेटरी को पदभार ग्रहण करवाया। सचिव ने छात्र सदन को शपथ दिलाते हुए कहा कि यह पद शक्ति का नहीं बल्कि जिम्मेदारी का द्योतक है। प्राचार्या ने सभी पदाधिकारियों को अपने कर्त्तव्यों का निर्वहन पूरी ईमानदारी से करने के लिए प्रेरित करते हुए शुभकामनाएँ दीं।

### विद्यालय में मनाया कृष्ण 'जन्मोत्सव' पर्व

विद्यालय में श्री कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्य श्री अभिषेक जी मालपानी, प्राचार्या श्रीमती अर्चना सिंह व उप-प्राचार्या श्रीमती मंजू शर्मा ने दीप प्रज्वलित कर भगवान श्री कृष्ण की आराधना से किया। इस अवसर पर विद्यालय प्रांगण को कृष्ण जन्म व उनकी बाललीलाओं की झाँकियों से सजाया गया।



## विशेष उपलब्धियाँ

### स्पैल-बी प्रतियोगिता में जयपुर से एकमात्र आकाश शर्मा का नेशनल के लिए चयन

इस वर्ष ग्रुप-3 कक्षा 1 से 9 तक के छात्रों के लिए अखिल भारतीय स्पैल-बी प्रतियोगिता रीजनल लेवल पर ऑनलाइन आयोजित की गई। वेस्टर्न रीजन से जयपुर के अनेक विद्यार्थियों ने इसमें भाग लिया। सभी प्रतिभागियों में से एम.पी.एस. इन्टरनेशनल के कक्षा 4 डी के छात्र आकाश शर्मा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया और नेशनल लेवल के लिए चयनित हुए।

### विशेष अवसरों पर शुभकामनाएँ

विशेष अवसरों 'हिरोशिमा डे'; भारत छोड़ो आंदोलन दिवस, आदिवासी दिवस, हरियाली तीज, अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस, महिला समानता दिवस पर शुभकामनाएँ प्रेषित कीं गई। ऑनलाईन शिक्षण के दौरान शिक्षकों ने समूह चर्चा व वार्तालाप के माध्यम से विद्यार्थियों के इन अवसरों के महत्व के बारे में अवगत करवाया।

## दी एज्यूकेशन कमेटी ऑव् दी माहेश्वरी समाज (सोसायटी) जयपुर

# माहेश्वरी पब्लिक स्कूल, कालवाड़ रोड

### रक्तदान शिविर

दी एज्यूकेशन कमेटी ऑव दी माहेश्वरी समाज (सोसायटी) एवं माहेश्वरी नवयुवक मंडल की ओर से 14 अगस्त, 2021 को विद्यालय में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। समाज अध्यक्ष श्री प्रदीप बाहेती ने बताया देश के अमर शहीदों तथा कोरोना महामारी के दौरान दिवंगत स्नेहीजनों की स्मृति में इस पुण्यार्थ का आयोजन किया गया। विद्यालय के स्टाफ, अभिभावकों तथा सामान्य जन ने इस परोपकारी कार्य में भरपूर उत्साह तथा जोश के साथ भाग लिया। इस अवसर पर श्री प्रदीप बाहेती, मानद् सचिव श्री मनोज कुमार बिड़ला, भवनमंत्री श्री मनीष सोमानी, प्रधानाचार्य श्री ओ.पी. गुप्ता तथा माहेश्वरी नवयुवक मंडल के कपिल सोमानी, रवि पेरिवाल, गौरव जाजू, अमित मूंदड़ा एवं संदीप साबू उपस्थित रहे।



### स्वाधीनता समारोह



15 अगस्त, 2021 को विद्यालय में स्वाधीनता दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्री राधेश्याम साबू ने ध्वजारोहण किया। विद्यालय के शिक्षकों ने मनमोहक देशभक्ति गीत प्रस्तुत किया। संपूर्ण विद्यालय प्रांगण देशभक्ति के रंग में रंगा नज़र आया। इस अवसर पर विद्यालय सचिव श्री मनोज कुमार बिड़ला, प्रधानाचार्य श्री ओ.पी. गुप्ता तथा मैनेजिंग कमेटी के सदस्य उपस्थित रहे। इस सुअवसर पर कक्षा 1 से 5 के लिए फैंसी ड्रेस, 6 से 8 के लिए नृत्य, 9 व 10 के लिए पोस्टर मेकिंग तथा कक्षा 11 के लिए क्विज़ प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। विजेता विद्यार्थियों को ई-प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए।

### खेल दिवस

'हॉकी का जादूगर' मेजर ध्यानचंद के जन्मदिवस पर 27 व 28 अगस्त, 2021 को विद्यालय में दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। शिक्षकों के लिए वालीबॉल मैच, म्यूजिकल चेयर, फन रेसेस, रस्साकशी आदि प्रतियोगिताएँ रखी गईं। शिक्षकों ने बढ़-चढ़कर इन प्रतियोगिताओं में भाग लिया। विजेताओं को प्रमाण-पत्र दिए गए।

### जन्माष्टमी उत्सव

28 अगस्त, 2021 को विद्यालय में कृष्ण जन्मोत्सव का आयोजन किया गया। इस उपलक्ष्य में विद्यार्थियों कक्षा 1 व 2 के विद्यार्थियों के लिए रोल प्ले, 3 से 5 के लिए नृत्य, 6 से 8 के लिए मटकी डेकोरेशन गतिविधि का आयोजन किया गया। संस्कृति के विद्यार्थियों ने राधा व कृष्ण की वेशभूषा धारण कर सभी का मन मोह लिया।



### रक्षाबंधन का त्योहार



21 अगस्त, 2021 को संस्कृति में रक्षाबंधन का त्योहार मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने पारंपरिक परिधान पहनकर प्रथम पूज्य देव श्री गणेश को रक्षासूत्र बाँधा। 25 अगस्त, 2021 को हेल्दी एंड जंक फूड एक्टिविटी रखी गई। संस्कृति सचिव श्री संजय काबरा व प्रधानाचार्य श्री ओ. पी. गुप्ता ने विद्यार्थियों को हेल्दी फूड का महत्व बताया तथा हेल्दी फूड खाने के लिए प्रेरित किया।



# माहेश्वरी पब्लिक स्कूल, बगरू

## सी.बी.एस.ई 10वीं बोर्ड का परीक्षा परिणाम

सत्र 2020-21 सी.बी.एस.ई 10वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम अगस्त में घोषित किया गया। इस परीक्षा परिणाम में माहेश्वरी पब्लिक स्कूल, अजमेर रोड, बगरु से प्रथम रैंक 93.2% अंकों के साथ जीवंतिका सिंह व पहल शर्मा, द्वितीय स्थान 93% अंकों के साथ आयुषी चौधरी तथा तृतीय स्थान पर 92.8% अंकों के साथ अभिषेक शर्मा कक्षा में टॉप रहें। इस शुभावसर पर कक्षा में टॉप रहे विद्यार्थियों को बेहतर परीक्षा परिणाम की बधाई देते हुए विद्यालय भवन सचिव श्री सुरेन्द्र काबरा, श्री राधेश्याम साबू, विद्यालय प्राचार्या श्रीमती दलजीत कौर, उप प्राचार्य एवं शिक्षकों ने पुष्पमाला पहनाकर तथा मिठाई खिलाकर उनके उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए आशीर्वाद प्रदान किया।

## एमपीएस, बगरू में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर

ECMS एवं 'माहेश्वरी नवयुवक मंडल जयपुर' के संयुक्त तत्वावधान में समाज के पूर्व अध्यक्ष व भामाशाह श्री ओमप्रकाश दरगड़ और वैश्विक महामारी कोरोना के कारण हताहत प्रिय अभिभावकों व कर्मवीर शिक्षकों की स्मृति विशेष में रक्तदान-महादान अभियान के तहत 12 अगस्त को विद्यालय में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के संचालन में वैश्विक स्वास्थ्य संकट कोरोना को ध्यान में रखते हुए सरकार द्वारा जारी सभी दिशा-निर्देशों का पालन अनिवार्यता से किया गया। साथ ही शिविर में कोविड-19 से संबंधित तमाम सुरक्षा व्यवस्था जैसे दो गज देह से दूरी, मास्क का प्रयोग एवं सैनिटाइजेशन आदि का विशेष ध्यान रखते हुए 'रेड ड्राप ब्लड सेन्टर' के विशेषज्ञ चिकित्सकों की देखरेख में प्रातः सुबह 9.00 बजे से दोपहर 3.00 बजे तक संपन्न हुआ।



इस जीवनदायी पुनीत अवसर पर विद्यालय मानद् सचिव श्री श्याम सुंदर तोतला, भवन सचिव श्री सुरेंद्र काबरा, प्राचार्या श्रीमती दलजीत कौर, उप प्राचार्य श्री पवन माहेश्वरी, अथितिगण, अभिभावकगण, शिक्षकवृंद एवं विद्यालय स्टॉफ ने कोरोना की जंग में जीवन को होम देने वाले अभिभावकों व शिक्षकगणों को सच्ची श्रद्धांजलि देते हुए रक्तदान कर जरूरतमंदों के कुशल स्वास्थ्य की कामना की तथा समाज के सभी वर्गों को इस पुनीत कार्य में सहयोग करने का संदेश दिया। इस अवसर पर सभी रक्तदाताओं को ECMS और 'रेड ड्राप ब्लड सेन्टर' की तरफसे डोनर कार्ड और प्रशस्ति-पत्र के साथ गिफ्ट प्रदान कर आभार प्रकट करते हुए सम्मानित किया गया। शिविर में एकत्र किए गए रक्त को 'रेड ड्राप ब्लड सेन्टर' के रक्त-कोश में संचित किया गया।

## स्वतंत्रता दिवस - 2021



माँ भारती के सच्चे सपूतों को याद करते हुए व हमारे स्वाभिमान तिरंगे को नील गगन में फहराने के लिए विद्यालय में 75वें शुभ पावन पर्व स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस आजादी के महोत्सव पर मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त आई.ए.एस श्री पुरुषोत्तम बियानी, सजग समाजसेवी, एम.पी.एस. अजमेर रोड़ के मानद् सचिव श्री श्यामसुंदर तोतला व भवन सचिव श्री सुरेंद्र काबरा, प्रधानाचार्या श्रीमती दलजीत कौर, उपप्रधानाचार्य आदि प्रबुद्धजन एवं पदाधिकारीगण उपस्थित थे। इस शुभावसर पर मुख्य अतिथि ने अपने आशीर्वचनों में कहा कि अनन्त बलिदानों का यह पावन पर्व हमारे अन्दर नई चेतना, नई प्रेरणा को अनुप्राणित कर हमारी राष्ट्रीय व सांस्कृतिक आस्थाओं व भावनाओं को झंकृत करने वाला है तथा हम सभी, राष्ट्रभक्त अमर शहीदों को, श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके आदर्शों को जीवन में उतारने के लिए संकल्प बद्ध है।

## मटकी सजाओ प्रतियोगिता

20 अगस्त 2021 को विद्यालय में कक्षा 3 से 5वीं तक के विद्यार्थियों के लिए विद्यालय परिसर में कृष्ण जन्मोत्सव महापर्व के पावन अवसर पर मटकी सजाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में सभी प्रतिभागियों ने सहर्ष बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और सभी ने अपनी सृजनात्मकता का परिचय देते हुए एक से बढ़कर एक मटकियों को सजाया। प्रतियोगिता के अंत में प्रधानाचार्या ने सभी प्रतिभागियों का मनोबल बढ़ाते हुए अपनी अमृतवाणी से सबका उत्साहवर्धन किया तथा कक्षावार विजेताओं की घोषणा करते हुए सभी विजेताओं को बधाई दी।



## एमपीएस में गूँजी कान्हा की किलकारियाँ

